सच्ची बात, पाठकों के साथ | नागपुर, सोमवार 23 जून 2025 | @ www.rashtrabaan.in | पृष्ठ :8 | वर्ष :2 | अंक : 230 | मूल्य: ₹ 5


# राष्ट्रबाण

|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||

मध्य भारत का लोकप्रिय दैनिक

## अमेरिका का ईरान पर, न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान

# ऑपरेशन मिडनाइट हैमर



**3 ईरान के 3 परमाणु प्रतिष्ठानों पर अमेरिका का हमला**

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** ईजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष में अमेरिका की भी एंट्री हो गई है. अमेरिका ने रविवार को ईरान के 3 परमाणु प्रतिष्ठानों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हवाई हमला किया. अमेरिका का दावा है कि इस हमले में ईरान के इन न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान पहुंचा है. हालांकि, ईरान ने अमेरिका के इस दावे के सिरे से खारिज किया है और कहा कि इस हमले में कुछ खास नुकसान नहीं हुआ है. अमेरिका ने बताया कि इस हमला को अंजाम देने के लिए काफी समय पहले से तैयारी की जा रही थी. इस ऑपरेशन का नाम मिडनाइट हैमर रखा गया था.अमेरिका का दावा है कि दुनिया में कोई भी अन्य देश इस ऑपरेशन को अंजाम नहीं दे सकता था, जो अमेरिका की सेना ने कर दिखाया. रविवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने एक प्रेस ब्रीफिंग दी. इसमें उन्होंने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बारे में बताया.



### यह एक अत्यधिक गोपनीय मिशन था

भारतीय समयानुसार रविवार को संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डैन केन ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि पिछली रात, राष्ट्रपति के आदेश पर, जनरल एरिक कुरिल्ला की कमान में अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ऑपरेशन मिडनाइट हैमर को अंजाम दिया, जो ईरान की तीन परमाणु सुविधाओं पर एक जानबूझकर और सटीक हमला था. इस ऑपरेशन को ईरान के परमाणु हथियारों के बुनियादी ढांचे को बुरी तरह से नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया था. इसे कई डोमेन और थिएटरों में समन्वय के साथ योजनाबद्ध और निष्पादित किया गया था जो हमारे देश द्वारा चुने गए समय और स्थान पर गति और सटीकता के साथ वैश्विक स्तर पर शक्ति प्रक्षेपण करने की हमारी क्षमता को दर्शाता है. यह एक अत्यधिक गोपनीय मिशन था और वाशिंगटन में बहुत कम लोगों को इस योजना के समय या प्रकृति के बारे में पता था.

### ईरान के 3 परमाणु प्रतिष्ठान नष्ट

वहीं, इस प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने पहले कार्यकाल से ही कहते आ रहे हैं कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के साहसिक और दूरदर्शी नेतृत्व और शक्ति के माध्यम से शांति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के कारण ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाएं नष्ट हो गई हैं. कई राष्ट्रपतियों ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अंतिम झटका देने का सपना देखा है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रम्प तक कोई भी ऐसा नहीं कर सका.

### अमेरिका ने किया सटीक हमले का दावा

इसी प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के तीन परमाणु प्रतिष्ठानों, फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर मध्य रात्रि में सटीक हमला किया, ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट या गंभीर रूप से कम किया जा सके. यह एक अविश्वसनीय और जबरदस्त सफलता थी. हमारे कमांडर इन चीफ़ से हमें जो आदेश मिला वह केंद्रित था, यह शक्तिशाली था और यह स्पष्ट था कि हमने ईरानी परमाणु कार्यक्रम को तबाह कर दिया था.

### सबसे लंबा B2 स्पिरिट बॉम्बर मिशन

अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने कहा कि मैं इजरायल में अपने सहयोगियों को भी मान्यता देना चाहता हूं. यह एक ऐसी योजना है जिसके लिए महीनों और हफ्तों तक तैयारी करनी पड़ी ताकि हम राष्ट्रपति के बुलाने पर तैयार हो सकें. इसमें बहुत ज्यादा सटीकता की जरूरत थी. इसमें दिशाभ्रमण और उच्चतम परिचालन सुरक्षा शामिल थी. हमारे B2 इन परमाणु स्थलों में घुसे और बाहर निकले, दुनिया को इसकी बिल्कुल भी जानकारी नहीं थी. इस तरह से, यह ऐतिहासिक था. एक ऐसा हमला जिसमें 2001 के बाद से सबसे लंबा B2 स्पिरिट बॉम्बर मिशन और MOP, एक मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर का पहला परिचालन रोजगार शामिल था. इस मिशन ने दुनिया को संयुक्त और संबद्ध एकीकरण के स्तर को दिखाया जो हमारे गठबंधन और हमारी संयुक्त सेनाओं की ताकत को दर्शाता है.

# चेन्नई से 209 यात्रियों को लंदन ले जा रहा था विमान

## अचानक से लौटा वापस, उड़ान में आई दिक्कत

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** एक और हवाई उड़ान में दिक्कत आई है. लंदन जाने वाला एक विमान रविवार को परिचालन संबंधी कारणों से वापस लौट आया है. चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है.



### यात्रियों के लिए की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था

चेन्नई हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि करीब 209 यात्रियों को लेकर उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान लौट आया. उन्होंने कहा कि यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है.

### इंडिगो की फ्लाइट में आई थी परेशानी

बता दें कि 168 यात्रियों को लेकर गुवाहाटी से चेन्नई जा रहे इंडिगो का एक विमान को गुरुवार रात बेंगलुरू के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात-कालीन लैंडिंग करानी पड़ी, क्योंकि विमान के कैप्टन ने अपर्याप्त ईंधन के कारण 'MAY-DAY' (संकट) की चेतावनी दी थी.

### शनिवार शाम गुवाहाटी से भरी थी उड़ान

इंडिगो फ्लाइट 6E-6764 (A321) के पायलट ने शनिवार शाम 4.40 बजे गुवाहाटी से उड़ान भरी थी. शाम 7.45 बजे चेन्नई में उतरने का प्रयास किया लेकिन लैंडिंग गियर रनवे को छूने के बाद 'बाल्कड लैंडिंग' नामक प्रक्रिया में 'गो अराउंड' करने का फैसला किया.

### 35 मील दूर जाने पर बोलना पड़ा MAYDAY

एक सूत्र ने कहा, 'बेंगलुरू हवाई अड्डे से लगभग 35 मील की दूरी पर कप्तान ने 'MAYDAY' कॉल किया.' नाम न बताने की शर्त पर एक यात्री ने कहा, 'अचानक और खड़ी चढ़ाई ने कई यात्रियों को अपनी सीटों के किनारे पर ला दिया, विमान में सवार कुछ लोग काफी डर गए थे.'

## एयर इंडिया का बड़ा फैसला विमानों की संख्या घटाई

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** एयर इंडिया ने रविवार को कहा कि वह 19 मार्गों पर संकरे आकार के विमानों से संचालित 118 साप्ताहिक उड़ानों को अस्थायी रूप से कम करेगी और तीन मार्गों पर सेवाएं निलंबित करेगी. टाटा समूह के स्वामित्व वाली इस एयरलाइन ने कुछ दिनों पहले कहा था कि वह चौड़े आकार के विमानों से संचालित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अस्थायी रूप से 15 प्रतिशत की कटौती करेगी.

**वजह बताई- नेटवर्क परिचालन की स्थिरता को मजबूत करना है**

### 15 जुलाई तक घटाई गई विमानों की संख्या



बयान के मुताबिक, "इस स्वैच्छिक निर्णय से एयर इंडिया की सेवाओं का 3 मार्गों पर अस्थायी निलंबन होगा और 19 मार्गों पर फेरों में कमी आएगी. यह परिवर्तन कम से कम 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेंगे." 3 मार्गों - बेंगलुरु-सिंगापुर, पुणे-सिंगापुर और मुंबई-बागडोगरा (एआई551/552) पर सप्ताह में सात बार उड़ानें कम से कम 15 जुलाई तक स्थगित रहेंगी. दिल्ली-बेंगलुरु और दिल्ली-मुंबई सहित कई अन्य मार्गों पर उड़ानों की संख्या में कमी की जाएगी. एयरलाइन के अनुसार इस कटौती का मकसद एयर इंडिया के नेटवर्क परिचालन की स्थिरता को मजबूत करना और यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली असुविधा को कम करना है.

## फास्ट ट्रैक

### मुर्शिदाबाद जिले के गोकर्ण में भीषण सड़क हादसा

राष्ट्रबाण

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले से एक दुखद सड़क हादसे खबर सामने आई है. जिले के गोकर्ण में एक 'मल्टी यूटिलिटी व्हीकल (एमयूवी-वाहन)'की पीछे से एक एक डंपर से भयानक टक्कर हो गई. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में तीन महिलाओं समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कंडी थाना क्षेत्र में राज्य राजमार्ग पर पूर्वाह्न साढ़े दस बजे हुई इस दुर्घटना में किराये पर लिए गए एमयूवी वाहन के चालक की भी मौत हो गई.

## छग में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

**2 नेताओं समेत 7 नक्सली ढेर**

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में जून 2025 के पहले पखवाड़े के दौरान सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए माओवादी विरोधी अभियानों में बड़ी सफलता हाथ लगी है. माओवादी कैडर और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ों के पश्चात कुल 7 माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं. इन 7 शवों में 2 शीर्ष माओवादी नेताओं की पहचान हुई है, जिसमें गौतम उर्फ सुधाकर, जो कि प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था, और भास्कर राव, जो राज्य समिति में शामिल था. इन दोनों की मृत्यु से संगठन को बड़ा झटका माना जा रहा है.माओवादी



**संगठन का एक्टिव सदस्य था महेश कोडियम**

अन्य बरामद शवों में से एक की पहचान महेश कोडियम के रूप में की गई है, जो इरपागुट्टा गांव (थाना फरसगढ़, बीजापुर) का निवासी था. पुलिस जांच में यह सामने आया है कि महेश कोडियम भाकपा (माओवादी) संगठन का सक्रिय सदस्य था और उसकी भूमिका नेशनल पार्क क्षेत्र डिवीजन में थी.

# ईरान-इजरायल जंग का असर भारत पर भी पड़ेगा

राष्ट्रबाण

## ट्रेड पर दिखेगा बड़ा असरः एक्सपर्ट बोले

नई दिल्ली. ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के और बढ़ने से इराक, जॉर्डन, लेबनान, सीरिया और यमन सहित पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा. विशेषज्ञों ने यह राय जताई है. उन्होंने कहा कि युद्ध ने पहले ही ईरान और इजरायल को भारत के निर्यात को प्रभावित करना शुरू कर दिया है.



### भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सराफ ने कहा कि इस युद्ध के कारण अब हम बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं. इसका पश्चिम एशियाई देशों के साथ भारत के व्यापार पर व्यापक असर पड़ेगा. सराफ ने कहा कि उनकी कंपनी भी इन दोनों देशों को भेजी जाने वाली खेप रोक रही है.

अमेरिका ने रविवार को तड़के ईरान के तीन स्थलों पर हमला किया, जिससे वह इजरायल के युद्ध में शामिल हो गया. उसका उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नष्ट करना है, ताकि एक पुराने दुश्मन को कमजोर किया जा सके, जिससे व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है, क्योंकि ईरान ने अमेरिका पर 'खतरनाक युद्ध' शुरू करने का आरोप लगाया है.

**तेल टैंकर की आवाजाही को प्रभावित होगी :** सराफ ने कहा, यह मार्ग तेल टैंकर की आवाजाही को प्रभावित करेगा. मुझे लगता है कि तेल टैंकर नए मार्ग खोज लेंगे, लेकिन इससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी.

## रिहा बदमाशों ने एयरपोर्ट के पास की आगजनी

**CCTV फुटेज आया सामने**

राष्ट्रबाण

**भुवनेश्वर.** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के सबसे सुरक्षित इलाकों में गिने जाने वाले एयरपोर्ट के पास हुई आगजनी की एक घटना ने पूरे शहर को चौंका दिया है. 2 बदमाशों ने शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात लगभग 1 बजे एक दुकान और उसके बाहर खड़ी बाइक पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी. यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है. इस घटना ने आम लोगों में डर और गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है.

### दुकान और बाइक में लगाई आग




वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों युवक पैदल आए, पेट्रोल डाला और आग लगाकर मौके से फरार हो गए. आग इतनी भयानक थी कि बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई और दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचा.

## प्रधानमंत्री मोदी ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से की बात

**तनाव कम करने और शांति का किया आह्वान**

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग में अमेरिका की एंट्री हो गई है. अमेरिकी वायुसेना के बी-2 बॉम्बर विमानों ने रात ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर जबरदस्त हवाई हमले किए. इस घटनाक्रम के कुछ घंटों बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से टेलीफोन पर बातचीत की. पीएम मोदी ने X पोस्ट के जरिये इसकी जानकारी दी. उन्होंने लिखा, 'ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान से मेरी बात हुई. हमने मौजूदा स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की. मैंने सैन्य संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की और तत्काल तनाव कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने का अपना आह्वान दोहराया. मैंने क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता की शीघ्र बहाली की मांग की.' ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने रविवार को ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों पर हवाई हमले करने के लिए अमेरिका की निंदा की और इसे अंतरराष्ट्रीय कानून, यूनाइटेड नेशन चार्टर (UN Charter) और परमाणु अप्रसार संधि (Nu-clear Non-Proliferation Treaty) का गंभीर उल्लंघन बताया. अराघची ने X पर पोस्ट किए गए एक कड़े शब्दों वाले बयान में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य अमेरिका पर शांतिपूर्ण परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर 'आपराधिक व्यवहार' करने का आरोप लगाया.



संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य को इस बेहद खतरनाक, अराजक और आपराधिक व्यवहार से चिंतित होना चाहिए.' संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रावधानों का हवाला देते हुए, अराघची ने यह भी कहा कि ईरान आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करने के लिए सभी विकल्प सुरक्षित रखता है. विदेश मंत्री के पोस्ट के कुछ ही क्षण बाद ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी कड़ी निंदा करते हुए हमलों को अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला बताया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया. ईरान ने ऐलान किया कि वह अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए पूरी ताकत से जवाब देगा. साथ ही उसने IAEA की आलोचना और आरोप लगाया कि यह संस्था 'युद्ध भड़काने वालों' का पक्ष लेती है. तेहरान ने चेतावनी दी कि अमेरिकी कार्रवाइयों के सामने अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी 'अभूतपूर्व और व्यापक खतरे' को जन्म देगी. साथ ही कहा कि वैश्विक समुदाय को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह अमेरिका ही है जिसने चल रही कूटनीतिक प्रक्रिया के दौरान ईरान के खिलाफ युद्ध शुरू किया.

**मौसम** महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और उत्तर पश्चिमी राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

# मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**नई दिल्ली.** मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र और कई उत्तर भारतीय राज्यों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है. मौसम विभाग की तरफ से बताया गया है कि मानसून उत्तर प्रदेश और राजस्थान के अधिकतर हिस्सों तक पहुंच चुका है. ऐसे में इन इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है. बारिश को लेकर इन सभी राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, राजधानी दिल्ली में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है.

दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना

दिल्ली में शनिवार दोपहर हल्की बारिश हुई. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार,सफदरजंग में 2.6 मिमी, पालम में 0.4 मिमी, आयानगर में 0.4 मिमी और लोधी रोड में 0.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. आईएमडी के अनुसार पालम में दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच 1.4 मिमी बारिश दर्ज की गई, सफदरजंग में 0.8 मिमी जबकि आयानगर, लोधी रोड और रिज में हल्की वर्षा दर्ज की गई. मौसम विभाग ने रविवार को तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है तथा अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, रविवार सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 59 रहा जो 'संतोष-जनक' श्रेणी में आता है.



### हिमाचल में अलर्ट जारी

हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को मध्यम से भारी बारिश हुई. स्थानीय मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के 5 जिलों और बुधवार को 9 जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. ऑरेंज अलर्ट के अनुसार रविवार को हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है, जबकि बुधवार को कुल्लू, किन्नौर और लाहौल और स्पीति को छोड़कर 12 में से 9 जिलों में भारी बारिश होने की आशंका है. मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को राज्य के अधिकतर जिलों में भारी बारिश का 'येलो' अलर्ट जारी किया है.

**इन राज्यों के लिए अलर्ट जारी**

मौसम विभाग ने देश के उत्तर पश्चिमी इलाकों, मध्य प्रदेश, गुजरात और कोंकण-गोवा क्षेत्र में 26 जून तक भारी बारिश की चेतावनी दी है. आईएमडी ने मध्य महाराष्ट्र, गुजरात, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, पंजाब और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. वहीं, दक्षिण भारतीय राज्यों, ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर के लिए येलो अलर्ड जारी किया गया है.

### हिमाचल में सबसे ज्यादा बारिश कांगड़ा में

पिछले 24 घंटों में कांगड़ा 87.8 मिलीमीटर (मिमी) बारिश के साथ राज्य में सबसे अधिक बारिश वाला स्थान रहा, जबकि नगरोटा सूरियां में 56.4 मिमी, जोगिंदरनगर में 54 मिमी, गुलेर में 40.8 मिमी, नादौन में 30 मिमी, सुजानपुर टीहरा में 28.5 मिमी, बैजनाथ में 28 मिमी, पालमपुर में 20 मिमी और नाहन में 18.2 मिमी बारिश दर्ज की गई. सुन्दरनगर, कांगड़ा और बजौरा में गरज के साथ बारिश हुई और 37 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं.

संपादकीय

# मुंबईकरों के स्वास्थ्य को सुधार रहा शिव योग केंद्र!




तत्कालीन महाविकास आघाडी सरकार के कार्यकाल में शुरू किया गया शिव योग केंद्र मुंबईकरों के स्वास्थ्य को लगातार सुधारने का काम कर रहा है. मनपा के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि इस समय मुंबई में चल रहे 106 शिव योग केंद्रों का लाभ उठाते हुए 41,750 लोगों ने अपने स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाया है. केंद्रों को मिल रहे प्रतिसाद को देखते हुए वाट्सएप चैटबॉट शुरू किया गया है, जिसकी मदद से शहर के सभी शिव योग केंद्रों की जानकारी आसानी से मिल सकेगी. स्वास्थ्य विभाग की ओर से बताया गया है कि विश्व योग दिवस के मौके पर कल पूरे शहर में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसका लाखों लोगों ने लाभ लिया. स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, विश्व योग दिवस के मुख्य सत्र का आयोजन मनपा के 'डी' विभाग द्वारा ग्रांट रोड पश्चिम स्थित अगस्त क्रांति मैदान के समीप गोकुलदास तेजपाल सभागृह में किया गया था. यह सत्र सुबह 6.30 से 7.30 बजे तक आयोजित किया गया. इसके साथ ही मनपा 25 विभाग कार्यालयों से स्थानीय स्तर पर विभागीय चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों के समन्वय से मनपा कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों के लिए योग सत्रों का आयोजन किया गया. मुंबई स्थित मुख्यालय वाली पश्चिम नौसेना कमान ने कल आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुरूप 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया. मुंबई, गुजरात, गोवा और कर्नाटक के विभिन्न स्थानों पर आयोजित योग शिविरों में 7000 से अधिक नौसैनिक कर्मियों, रक्षा कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों पर भी समुद्र में और मित्र देशों के बंदरगाहों पर तैनाती के दौरान योग सत्र आयोजित किए गए, जिससे इस आयोजन की वैश्विक पहुंच और एकता प्रदर्शित हुई. 18 से 21 जून 2025 तक नेवी नगर में एक योग महाकुंभ का आयोजन किया गया, जिसमें योग चिकित्सा, परामर्श और जनजागरूकता जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं. इसमें हर काम देश के नाम की सीख भी दी गई.

# ट्रंप PM मोदी के मित्र, भारत के शत्रु

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक देशों की टोली दुनिया में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रही है. इजरायल ने गाजा में नरसंहार किया. ट्रंप इस नरसंहार, बच्चों की हत्या को रोक नहीं पाए. इसके विपरीत वे ईरान-इजरायल युद्ध में ईरान को लताड़ रहे हैं. वहीं भारत में नरसंहार करने वाले पाकिस्तानी जनरल मुनीर को वे 'व्हाइट हाउस' में 'डिनर' के लिए बुलाते हैं. ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी के मित्र, लेकिन भारत के शत्रु हैं. ईरान ने इजरायल और ट्रंप के अहंकार पर हमला किया है!'

ईरान-इजरायल युद्ध क्या विश्व की राजनीति को बदल रहा है, यह सवाल आज सभी के मन में उठ रहा है. इजरायल की गुंडागर्दी किसी को तो रोकनी ही चाहिए, ऐसा दुनिया के कम से कम 70 प्रतिशत लोगों को लग रहा है. ईरान के साथ युद्ध जारी रहने के दौरान भी इजरायल ने गाजा पट्टी में खून-खराबा नहीं रोका है. अब तक इजरायल ने 60 हजार लोगों को मारा है. ईरान के साथ युद्ध के दौरान, भोजन की कतार में खड़े फिलिस्तीनी नागरिकों पर अंधाधुंध गोलीबारी करके कम से कम एक हजार लोगों को मार डाला. उसमें भूख से व्याकुल छोटे बच्चों का भी समावेश है. शासक इस तरह का क्रूर व्यवहार कैसे कर सकते हैं? खास तौर पर जिस 'यहूदी'



समुदाय ने हजारों साल उपेक्षा और अत्याचार सहा, उसे दूसरों पर इस तरह का अत्याचार तो नहीं करना चाहिए, लेकिन इजरायल उन अत्याचारों की पराकाष्ठा पर पहुंच गया है. इसलिए जब ईरान की ओर से इजरायल पर बम और ड्रोन गिरने लगे, तब दुनिया के कई देशों ने खुशी से तालियां बजाईं. यह तालियां इसलिए नहीं थीं कि वे ईरान से प्यार करते हैं, बल्कि इसलिए होंगी कि कोई तो है जो इजरायल को 'गाजा' बना रहा है और गाजा की जनता ने जो दुःख झेला, वही दुःख अब तेल 'अवीव' की जनता की राह में भी आ गया है. कई लोगों ने इस बात की सराहना की कि इजरायल 2500 किलोमीटर दूर अपने से 70 गुना बड़े देश पर हमला कर रहा है, लेकिन ईरान ने उतनी ही दूरी से इजरायल पर जवाबी हमला किया और अफरा-तफरी मचाई, तो ईरान में शासन केवल मुल्ला-मौलवियों का नहीं, बल्कि उन्होंने भी अपनी सुरक्षा के लिए विज्ञान और अनुसंधान पर भरोसा किया और अमेरिका का मजबूत समर्थन प्राप्त इजरायल के पसीने छुड़ा दिए, यह दिखाई दिया. दुनिया में ५७ इस्लामिक देश हैं. इनमें से कई देश 'तेल' के कुओं के कारण समृद्ध हैं. इन सभी ने ईरान का समर्थन किया, लेकिन कोई भी खुलकर सामने नहीं आया. कहा जाता है कि इस्लाम के नाम पर मुसलमान एकजुट होते हैं, लेकिन ईरान के साथ जो हुआ, उसमें ऐसा नहीं दिखा. क्योंकि तेल के पैसे से आई अमीरी की चटक इन सभी को लग चुकी है. धनवान, लेकिन डरपोक सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इराक, कुवैत, कतर, दुबई, यमन ये सभी देश तेल के पैसे से अमीर तो हो गए हैं, लेकिन वे इजरायल की झुंडशाही का मुकाबला नहीं कर सकते. दुनिया के सबसे ज्यादा आविष्कार, शोध, विज्ञान, रक्षा क्षमता, साहूकारी और अमेरिका का समर्थन इजरायल के पक्ष में है. इसलिए 57 इस्लामिक देश एक साथ आकर भी इजरायल को सबक नहीं सिखा सकते, इस मिथ्या पर जोरदार हमला करने का काम सबसे पहले ईरान ने किया है. आज कोई भी युद्ध नहीं चाहता. फिर भी कुछ देशों में युद्ध की खुजली है. अमेरिका और रूस जैसे देश अपने हथियारों और लड़ाकू विमानों को दुनिया में खपाना चाहते हैं.

# डेटिंग ऐप के चक्कर में डॉक्टर का यौन शोषण!

इन दिनों डेंटिंग ऐप पर घिनौना खेल खेला जा रहा है. डेटिंग ऐप पर दोस्ती कर महिलाओं का यौन शोषण किया जा रहा है. अब तक दर्जनों महिलाएं डेटिंग ऐप पर रेप की शिकार हो चुकी हैं. ताजा मामला एक डॉक्टर का सामने आया है. महिला डॉक्टर डेटिंग ऐप के जरिए एक 27 वर्षीय व्यक्ति के संपर्क में आई. दोनों के बीच कई बार शारीरिक संबंध भी बने. आखिर में डॉक्टर को पता चला कि व्यक्ति ने किसी और महिला के साथ सगाई कर ली है. शादी के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, 28 साल की महिला डॉक्टर ने 2023 में एक डेटिंग ऐप पर अपना प्रोफाइल बनाया था. इसी ऐप के माध्यम से उसकी मुलाकात दक्षिण मुंबई स्थित डोंगरी में रहनेवाले 27 वर्ष के युवक से हुई.

महिला की नग्न तस्वीरें खींची महिला और आरोपी दोनों के बीच आपसी सहमति से शारीरिक संबंध भी बने. इस दौरान आरोपी ने महिला डॉक्टर की कुछ नग्न तस्वीरें खींच ली. महिला का आरोप है कि जब वह गर्भवती हुई तो युवक ने उसका गर्भपात करवाने के



साथ ही शादी से इंकार कर दिया.

डेटिंग ऐप के जरिए धोखाधड़ी और दुष्कर्म का मामला सामने आया है. एक महिला डॉक्टर ने ऐप पर अपना प्रोफाइल बनाया था. वहां उसकी मुलाकात एक युवक से हुई. दोनों मिले और फिर उनके बीच संबंध भी बन गए. डॉक्टर गर्भवती हो गई तो युवक उससे दूरी बनाने लगा. कुछ दिनों बाद पता चला युवक ने किसी और महिला के साथ सगाई कर ली है. इसके बाद डॉक्टर को एहसास हुआ कि शादी का झांसा देकर उसके साथ धोखा किया गया है. महिला डॉक्टर ने जब आपत्ति जताई तो आरोपी ने उसकी नग्न तस्वीरें सार्वजनिक करने की धमकी दी. आखिरकार, परेशान होकर महिला डॉक्टर ने एमआईडीसी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत जबरन गर्भपात कराने, आपराधिक धमकी देने और धोखाधड़ी जैसे गंभीर आरोप में केस दर्ज किया है.

# मुंबई का शॉर्टकट गंदगी का हॉटस्पॉट!

मुंबई के जोगेश्वरी के एक इलाके में वर्षों से जारी जमीन विवाद के चलते खाली पड़ी जमीन पर एक अनधिकृत शॉर्टकट रास्ता बन गया है. यह रास्ता स्वामी विवेकानंद रोड पर लगने वाले भीषण ट्रैफिक से बचने का जरिया बन चुका है, जिससे लोगों को लगभग १ घंटे की बचत होती है.




लेकिन इस 'सहूलियत' की कीमत स्थानीय नागरिक गंदगी, बीमारी और अपमान के रूप में चुका रहे हैं. यह रास्ता अब कचरे, कीचड़, मलबे और खुले में शौच का केंद्र बन गया है. सड़क के किनारे बनी दीवारें नशा करने और गंदगी पैâलाने वालों के लिए सुरक्षित ठिकाना बन चुकी हैं. आस-पास के निर्माण स्थलों से आई जूट की बोरियों में भरा मलबा हर तरफ बिखरा पड़ा है.बारिश के मौसम में यह कचरा और मिट्टी मिलकर बदबूदार दलदल में बदल जाते हैं, जिससे पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना भी मुश्किल हो जाता है. गाड़ियां फंस जाती हैं और यात्रियों को उतरकर धक्का लगाना पड़ता है. कुछ सवारियां तो किराया तक नहीं देतीं.

स्थानीय लोग कई बार मनपा से शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ टूटी नालियों पर ढक्कन लगाना ही सुधार कार्य के नाम पर हुआ है. लोग पूछ रहे हैं, 'क्या हमें यूं ही गंदगी और बीमारियों के बीच जीना होगा?'स्वास्थ्य जोखिम, मच्छरों का प्रकोप और बच्चों की बीमारियां अब आम हो चुकी हैं. लोग कहते हैं कि अब रिश्तेदारों को बुलाने में शर्म आती है. प्रशासन से संपर्क करने के बाद भी कोई ठोस जवाब नहीं मिला. सवाल यह है कि जब नागरिक अपना काम कर रहे हैं तो क्या प्रशासन भी अपनी जिम्मेदारी निभाएगा?

# राशिफल





**मेष:** मेष राशि वालों नए कपल्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है. आपको अपने करिअर पर खास ध्यान देने की जरूरत है. टास्क को कंप्लीट करने में अपने सीनियर्स या सहयोगियों से सलाह लेने में न कतराएं. प्रेम के मामले में कोई आपसे पॉजिटिव रिस्पांस पाने की एक्सपेक्टेशन रख सकता है लेकिन आपको वही करना चाहिए, जो आपको सही लगे..

**वृषभ:** आज का दिन उत्साह से भरपूर रहने वाले हैं. पैसे कमाने के आपको कई अच्छे मौके मिल सकते हैं. स्टूडेंट्स के लिए सिचुएशन पहले से बेहतर होगी. हेल्थ भी आपको कोई बड़ी परेशानी नहीं देगी. कुछ जातकों के माता-पिता आशा करेंगे कि वह उनके डिसीजन का सम्मान करें.

**मिथुन:** आज कोई दोस्त आपसे सहायता मांग सकता है. किसी फंक्शन के चक्कर में पैसे खर्च हो सकते हैं. कुछ लोग अपनी फैमिली के साथ छोटी-मोटी यात्रा कर सकते हैं. खुद को हेल्दी रखने के लिए आपको ज्यादा एफर्ट करना होगा.

**कर्क:** आपकी फाइनेंशियल सिचुएशन पहले से बेहतर रहने वाली है. रोमांस के मामले में भी आज का दिन शुभ माना जा रहा है. बाहर का खाना खाने से बचें. आपकी मुलाकात आपके कुछ रिश्तेदारों या करीबियों से हो सकती है. शिक्षा के मामले में स्टूडेंट्स को मेहनत करने की जरूरत है.

**सिंह:** आज आपकी मुलाकात अपने कुछ पुराने दोस्तों से हो सकती है. आपको अपने टास्क पर पूरा फोकस रखना चाहिए और जरूरी बदलाव भी करने चाहिए. समय पर काम को पूरा करने के लिए टीम की सदस्यों की मदद लेना फायदेमंद रहेगा.

**कन्या:** आज के दिन आपको कोई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट या जिम्मेदारी मिल सकती है. करियर के मामले में कुछ लोग अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहेंगे. स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन शुभ माना जा रहा है. प्रेम जीवन में भी रोमांस बना रहेगा.

**तुला:** करिअर के मामले में कुछ उथल-पुथल के बाद आप वापस से अच्छी सिचुएशन में आ जाएंगे. लव लाइफ में पार्टनर के साथ टकराव से बचें. करिअर में सभी लोगों का दिल जितने या अपनी पहचान बनाने के लिए आपको नई स्टाइल या स्किल अपनानी होगी.

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के कुछ जातक इस सप्ताह संपत्ति भी खरीद सकते हैं. दिन आपके लिए बदलावों भरा रहने वाला है. चाहे बात पर्सनल लाइफ की हो या प्रोफेशनल लाइफ की बदलावों को अपनाने के लिए तैयार हो जाएं.


**धनु:** आज परिवार के किसी सदस्य की सफलता से आप काफी गर्व महसूस कर सकते हैं. पैसों को सही तरीके से मैनेज करने से आप अच्छी सिचुएशन में रहेंगे. अपनी लव लाइफ का भी ख्याल रखें. सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत है.

**मकर:** घर के सदस्यों के साथ समय बिताने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा. जिस व्यक्ति पर आपको क्रश है, उससे आपको कोई पॉजिटिव रिस्पांस मिल सकता है. आपका भाग्य साथ देगा.

**कुंभ:** आज के दिन सामाजिक तौर पर आप खुश रहने वाले हैं. ये दिन आप अपने दोस्तों के साथ यादें ताजा करते हुए बिता सकते हैं. कुछ लोगों को करियर के मामले में जरूरी टास्क मिल सकते हैं. स्टूडेंट्स को कंपटीशन पर ध्यान देने की जरूरत है.

**मीन:** काम के मामले में आप काफी प्रोडक्टिव फील करेंगे. हाथ आयी किसी भी डील को जाने न दें. किसी सोशल इवेंट की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है. कुछ लोगों के लिए ट्रैवल करने का प्लान भी बन सकता है.

## फिल्म वर्ग पहेली - 375



**बायें से दायें:-**

1. अमोल पालेकर, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-3
3. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली अक्षयकुमार, मधु की फिल्म-3
6. सुनीलदत्त, नूतन की 'सावन का महीना' गीत वाली फिल्म-3
7. 'ये हवाएं सर्द हैं' गीत वाली राजेश, मिथुन, शबाना की फिल्म-4
10. फिल्म 'नरसिम्हा' में नायक कौन था-2
11. 'तुम को कितना है प्यार' गीत वाली फिल्म-2
12. 'आवाज दे कहाँ है दुनिया मेरी जवां है' की गायिका कौन थी-4
14. 'अनपढ़' में धर्मेन्द्र की नायिका-2
15. फिल्म 'देवदास' में 'चंद्रमुखी' कौन बनी है?-3
16. 'दिन प्यार के आये रे' गीत वाली शेखर, कामिनी कौशल की फिल्म-2
17. अमिताभ, शशिकपूर, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया गोस्वामी की फिल्म-2
18. शशिकपूर, जीनत की 'लैला ने भी प्यार किया' गीत वाली फिल्म-3
20. 'सुना था देखा न था' गीत वाली आफताब, उर्मीला की फिल्म-2
21. आमिर, माधुरी की 'खभे जैसी खड़ी हैं' गीत वाली फिल्म-2
22. फिल्म 'ब्लैकमेल' में नायिका कौन थी?-2
23. अक्षय, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-3
26. 'ऊपरवाला दुखियों की' गीत वाली दिलीप, सायरा बानो की फिल्म-3
28. प्रसिद्ध बालगीत 'आओ बच्चों तुम्हें दिखायें' किस फिल्म का हैं?-3
29. 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली गोविंदा, नीलम की फिल्म-2
30. प्रदीपकुमार, वैजयंती की 'जादूगर सैंया' गीत वाली फिल्म-3

**ऊपर से नीचे:-**

1. 'आजकल पाँव जमीं पर' गीत वाली फिल्म-2
2. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-3
3. अक्षय कुमार, करिश्मा की 'सच कहते हैं हम' गीत वाली फिल्म-4
4. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-2
5. राज कपूर, नर्गीस की 'ये शाम की तनहाइयाँ' गीत वाली फिल्म-2
8. 'बात बात में रूठो ना' गीत वाली बलराज साहनी, नूतन की फिल्म-2
9. 'शोला और शबनम' में नायिका कौन थी-3
10. फिल्म 'सनम बेवफा' में चांदनी के साथ नायक कौन था?-4
12. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम की फिल्म-2
13. संजय कपूर, शिल्पा की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-3
14. 'काले लिबास में बदन' गीत वाली इंद्रकुमार, आयशा की फिल्म-3
17. जॉय मुखर्जी, सायरा की 'उड़ के पवन के संग' गीत वाली फिल्म-3
19. 'ऐ दीवाने दिल' गीत वाली अक्षय कुमार, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-3
21. 'हाँ हाँ ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-3
24. फिल्म 'अंखियों से गोली मारे' की नायिका कौन है?-3
25. 'काश तुम मुझ' गीत वाली संजय, रवीना, करिश्मा की फिल्म-3
26. 'सपने में मिलती है' गीत वाली फिल्म-2
27. फिल्म 'भूत' में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका किसने की है?-2
28. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-2

**फिल्म वर्ग पहेली - 374 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | गी | त | | भा | भी | | दी | दा | र |
| ग्रा | | ह | स्ती | | गी | ता | | स्ता | |
| म | ह | ल | | ही | रा | | जा | न | म |
| | | का | श | | त | मि | ल | | न |
| शो | ले | | गु | ड्डू | | थु | | | मौ |
| र | | शा | न | | जा | न | की | बा | जी |
| | डॉ | न | | स | नी | | | द | |
| क | | दा | सी | | दु | | स | ल | मा |
| सौ | | र | | दु | श्म | न | | | चि |
| टी | ना | | माँ | | न | | पा | र | स |

■ मंगल सैणचा, बेंगलोर

## अंकजाल - 375

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 22 | 19 | 22 | | 23 | 22 | 17 | 16 | |
| 14 | 7 | | 5 | | 7 | | 9 | | 26 |
| 16 | | 8 | | | | 7 | | 6 | 22 |
| 18 | 5 | | 9 | | 2 | | 5 | | 22 |
| 25 | | 5 | | 8 | | | | | |
| | | | | | 6 | | 9 | | 27 |
| 18 | | 2 | | 4 | | 5 | | 5 | 12 |
| 20 | 6 | | 4 | | | | 8 | | 21 |
| 24 | | 6 | | 6 | | 8 | | 3 | 18 |
| | 21 | 11 | 13 | 27 | | 28 | 26 | 16 | |

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

*अंकजाल 374 का हल*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 25 | 17 | 23 | | 29 | 11 | 18 | 17 | |
| 14 | 7 | 2 | 5 | | 5 | 4 | 9 | 2 | 20 |
| 20 | 7 | 5 | 8 | | 7 | 5 | 3 | 8 | 23 |
| 12 | 2 | 7 | 3 | | 4 | 2 | 6 | 7 | 19 |
| 26 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 30 | 8 | 8 | 8 | 6 | | 4 | 6 | 8 | 18 |
| | 21 | 15 | 19 | 28 | | 19 | 18 | 22 | |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल – 375

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ख | न | र | कु | ड्ड | प्ली | के | ट | ला | नी | क |
| ज | या | फु | ज | इं | डो | ने | ह | क | गु | प |
| फ | दौ | आ | ट | म | न | इ | दो | न | ना | म |
| च | र | रा | मा | पा | ल | स | रा | प | ह | ह |
| स | म | बा | ज | त | त | उ | हें | ख | री | म |
| डै | जे | ज | र | नी | द | ला | म | ल | ड़ | द |
| डी | मा | दे | ख्म | व | बा | स | म | पी | ख | स्त |
| र | दे | श | बा | र | प | र | थ | ड़ | भ | क |
| म | दि | ल | क | ले | दा | र | ल | क | थ | थ |
| क्षि | ज | ति | त | हि | द | ह | मा | ह | ल | है |
| ते | रा | जा | क | दि | प | ने | सा | थी | स | म |

शब्दजाल में महेश भट्ट निर्देशित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

फुटपात, राज, जख्म, डुप्लीकेट, दो राहें, दस्तक, गुनाह, साथी, डैडी, नया दौर,

**शब्दजाल - 374 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | श | मु | फ | रे | ब | हो | प | न | र | त |
| क्स | क्रि | पिं | ना | द | म | जा | जा | गो | घा | छ |
| न | के | ज | हे | नि | इं | ना | न | व | टि | दि |
| बी | ट | र | न | शा | वा | त | क | ले | ज | ल |
| च | दा | त | प | ने | तो | हो | का | गो | ब | प |
| ब | त | त | स | ग | स | ए | व | म | वॉ | र |
| द | प | शू | न | त्या | व | ह | अ | गो | प्ला | म |
| क | र | क | ल | र | ह | भा | र | चो | आ | त |
| र | व | त | म | ए | भी | क | क | अ | न | ले |
| जू | बे | दा | त | र | क | ता | ण | र | ह | या |
| मुं | ब | र्ल | न | आ | प | म | क | प | स्त | र |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# 'महायुति' पर तंत्र-मंत्र का साया

राज्य की महायुति के नेताओं और मंत्रियों में इन दिनों अंधविश्वास बढ़ता जा रहा है. महायुति पर तंत्र-मंत्र का साया छाता हुआ दिख रहा है. कई नेताओं द्वारा मंत्री पद तो कुछ मंत्रियों द्वारा पालक मंत्री पद पाने के लिए इस जंतर-मंतर का सहारा लिया जा रहा है. ताजा मामले में रायगढ़ जिले में अजीत पवार गुट के नेता सुनील तटकरे का नाम आया है. यहां काले जादू को लेकर दादा गुट के सुनील तटकरे और शिंदे गुट के स्थानीय विधायक महेंद्र दलवी के बीच भिड़ंत होने की खबर है.महायुति में अब तंत्र-मंत्र की घुसपैठ हो गई है. मंत्री पद और पालकमंत्री का पद पाने के लिए नेता काला जादू का भी सहारा ले रहे हैं. दरअसल, सुनील तटकरे ने अपनी बेटी अदिति तटकरे को रायगढ़ का पालक मंत्री पद दिलाने के लिए इस तंत्र-मंत्र विद्या का उपयोग किया है. पिछले दिनों दो अघोरी नग्नावस्था में उनके लिए पूजा कर रहे थे, ऐसे तमाम दावे जा रहे हैं. अब विरोधी गुट जल्द इससे जुड़े तमाम सबूत सार्वजनिक करने का दावा कर रहा है. दादा गुट का आरोप है कि शिंदे गुट के मंत्री ने यह अपने लाभ के लिए करवाया था. सुनील तटकरे ने कहा कि शिंदे गुट के मंत्री भरत गोगावले के लोगों ने अघोरी पूजा करवाई थी, जबकि शिंदे गुट के विधायक ने तो तटकरे परिवार के काले जादू से जुड़े पूरे मामले को सामने लाने की चेतावनी दी है.शिंदे गुट के विधायक महेंद्र दलवी ने सांसद सुनील तटकरे को लेकर यह बड़ा दावा किया है कि सुनील तटकरे ने यहां अघोरियों से पूजा करवाई थी. वे जल्द ही सबके सामने इससे जुड़े वीडियो वाला सबूत लाएंगे और उनके पास इसकी पूरी डिटेल्स व सबूत मौजूद हैं. तटकरे चुनावों में अपने हितों को साधने के लिए भय्यूजी महाराज जैसे व्यक्तियों के पास जाकर तांत्रिक क्रियाएं करवाते थे. उन्होंने कहा कि जब समय आएगा, तो वे यह सब खुलकर सामने लाएंगे. कुछ दिन पहले शिंदे गुट के नेता और राज्य मंत्री भरत गोगावले के एक वीडियो की चर्चा हुई थी.



जनसंवाद नेटवर्कस् प्रा. लि. हेतु राष्ट्रबाण (प्रेस) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य द्वारा यह मुद्रित कर 101/5 गणेश स्नेहल अपार्टमेंट नागपुर-22 से प्रकाशित. प्रधान संपादक - *विष्णुगुप्त श्रीनिवास वैद्य, *पी. आर. बी. कानून के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार ■ इस पत्र में प्रकाशित विज्ञापन, लेख व समाचारों में व्यक्त विचार व्यक्तिगत है. उनसे हमारा सहमत-असहमत होना जरुरी नहीं. RNI Reg. No. HIN/72804 ■ फोन नं. 0712-7966355, rashtrabaanngp@gmail.com

## फास्ट ट्रैक

### भड़के ईरान का इजरायल पर जवाबी हमला

राष्ट्रबाण

**तेल अवीव.** इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष दिन-ब-दिन भीषण होता जा रहा है. अमेरिकी हमले के बाद ईरान ने पलटवार करते हुए इजरायल के 10 शहरों को निशाना बनाते हुए हमला किया, जिसमें तेल अवीव और हाइफा जैसे शहर में शामिल हैं. हमलों से आसपास के इलाकों में अफरा तफरी मच गई. इजरायल के सरकारी प्रसारक कन (Kan) के अनुसार, ईरान के ताजा मिसाइल हमले में इजरायल में 10 ठिकानों को निशाना बनाया. इन हवाई हमलों के दौरान चेतावनी सायरन बजने लगे, जिससे नागरिकों में दहशत फैल गई. इसी बीच ईरानी की ओर से हमला तेज किए जाने के बाद इजरायली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजरायल के एयरस्पेस को पूरी तरह से बंद कर दिया है. IAA ने बंद किया एयरस्पेस IAA ने एयरस्पेस बंद होने की घोषणा करते हुए कहा, सुरक्षा स्थिति के कारण देश का हवाई क्षेत्र सभी उड़ानों के लिए बंद कर दिया गया है. इजरायल की प्रमुख एयर-लाइंस, एल अल इजरायल एयर-लाइंस और अर्किया एयरलाइंस ने भी अगले नोटिस तक सभी बचाव और नियमित उड़ानों को निलंबित कर दिया है. इस बीच, मिस्र और जॉर्डन से लगी जमीनी क्रॉसिंग खुली रहेंगी, जिससे नागरिकों और पर्यटकों को वैकल्पिक रास्ते उपलब्ध रहेंगे. हमले में हताहतों की नहीं मिली जानकारी इजरायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मागेन डेविड एडोम ने कई क्षेत्रों में नुकसान और घायलों की खबरें दी हैं. हालांकि, अभी तक हताहतों की सटीक संख्या की पुष्टि नहीं हुई है.वहीं, ईरानी हमलों के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए आईडीएफ ने पश्चिमी ईरान में कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाते हुए हमला किया है.आईडीएफ ने बताया कि आज सुबह इजरायली एयरफोर्स ने ईरानी सशस्त्र बलों के सैनिकों पर हमला किया और इजरायली इलाके की ओर मिसाइल दागने वाले लॉन्चरों को तुरंत निष्क्रिय कर दिया.

# खामेनेई इस्तीफा दें या उन्हें सत्ता से उखाड़ फेंके

## अमेरिकी हमले के बाद ईरान के पूर्व क्राउन प्रिंस ने फिर भरी हुंकार

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली,** ईरान के 3 परमाणु ठिकानों- फोर्डो, नतांज और इस्फ़हान पर अमेरिकी हमलों के लिए निर्वासित क्राउन प्रिंस रेज़ा शाह पहलवी ने इस्लामिक रिपब्लिक की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को जिम्मेदार ठहराया है. उन्होंने सुप्रीम लीडर खामेनेई के इस्तीफे की मांग की है और कहा कि शांति एकमात्र निश्चित रास्ता इस शासन का अंत है.

रेजा शाह पहलवी ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा, 'ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले इस्लामिक रिपब्लिक की परमाणु हथियारों की विनाशकारी खोज का रिजल्ट है, जिसने ईरानी जनता के हितों को ताक पर रखा.



अली खामेनेई और उनका ढहता हुआ आतंकवादी शासन राष्ट्र को असफल कर चुका है.'

**'इस्तीफा दें खामेनेई'**

उन्होंने खामेनेई से अपील की, 'अपने भूमिगत बंकर से जवाबी कार्रवाई पर विचार करने के बजाय, ईरानी जनता के हित में इस्तीफा दें, ताकि गौरवशाली ईरानी राष्ट्र इस्लामिक रिपब्लिक के विनाशकारी दौर को पीछे छोड़कर शांति, समृद्धि और महानता का नया अध्याय शुरू कर सके.'रेजा शाह ने जोर देते हुए कहा कि देश में शांति बहाल करने का एकमात्र निश्चित तरीका ये है कि इस व्यवस्था (खामेनेई शासन) का अंत हो जाए.

दरअसल, 22 जून 2025 को अमेरिका ने बी-2 स्टील्थ बमवर्षकों के जरिए ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकानों पर हमला किया. हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले को बेहद सफल बताया और कहा कि हमारे सभी विमान सुरक्षित ईरानी एयरस्पेस से बाहर निकाल आए.

**पहले भी की थी आलोचना:** इससे पहले रेज़ा शाह पहलवी ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की आलोचना की थी और कहा कि खामेनेई डरे हुए चूहे की तरह अंडरग्राउंड हो गए हैं, अब उसके पास कोई रास्ता नहीं बचा है.

### ईरान ने 10 इजरायली शहरों पर किया अटैक

इसी बीच ईरान ने इन हमलों के जवाब में इजरायल के 10 शहरों को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमले किए, जिसमें इजरायल की आर्थिक राजधानी तेल अवीव और हाइफा जैसे शहर शामिल हैं. इजरायल के सरकारी प्रसारक कन के अनुसार, इन हमलों के बाद पूरे देश में हवाई हमले की चेतावनी सायरन बजाए गए. इजरायल ने अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया, और एल अल व अर्किया एयरलाइंस ने उड़ानें निलंबित कर दी हैं. ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमेरिकी हमले को ₹गैरकानूनी₹ बताया और जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी.

# PGI चंडीगढ़ के डॉक्टर की बडी हैवानियत

## गोद ली मासूम बेटी को बर्बर तरीके से पीटा

राष्ट्रबाण

**शिमला/चंडीगढ़,** हिमाचल प्रदेश के शिमला से चौंकाने और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित पीजीआई (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च) से जुड़े एक डॉक्टर ने अपनी 10 साल की गोद ली बेटी को बेरहमी से पीटा. यह घटना 14 जून को शिमला स्थित घर की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया. अब इस मामले को बाल आयोग ने संज्ञान लिया है.

वर्तमान में यह परिवार चंडीगढ़ के सेक्टर-15 में रहता है, लेकिन मूल रूप से शिमला का रहने वाला है. घटना उस समय की है, जब पूरा परिवार शिमला में अपने किसी रिश्तेदार के यहां ठहरा हुआ था.इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए चंडीगढ़ चाइल्ड राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन (CCPCR) ने चंडीगढ़ के एसएसपी और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (CWC) से सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. बाल आयोग की अध्यक्ष शिप्रा बंसल ने बात करते हुए कहा कि इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है. संबंधित विभागों और अधिकृत अधिकारियों से तत्काल रिपोर्ट मांगी गई है. रिपोर्ट मिलने के बाद तथ्यों की समीक्षा कर सख्त कार्रवाई की जाएगी. लोग सोशल मीडिया पर आरोपी डॉक्टर पर कार्रवाई और बच्ची की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं. फिलहाल, इस मामले की जांच की जा रही है.



वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि डॉक्टर बच्ची को डंडे से बुरी तरह मार रहा है. बच्ची कमरे में इधर-उधर भागती है, रोती है और खुद को बचाने की कोशिश करती है, लेकिन आरोपी डॉक्टर पीटना जारी रखता है. वीडियो में एक महिला भी घटनास्थल पर मौजूद दिखाई देती है, वहीं एक अन्य व्यक्ति बीच-बचाव करने की कोशिश करता है, लेकिन डॉक्टर नहीं रुकता. यह वीडियो पड़ोसी ने चुपके से रिकॉर्ड कर लिया और चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपकर इस पूरे मामले की शिकायत की.दरअसल, आरोपी दंपति ने बच्ची को सात साल पहले गोद लिया था, जब वह सिर्फ तीन साल की थी.

# क्रिकेट में फेल हुए 'नालायक बेटे को राजनीति में उतार देते हैं...'

## तेजस्वी के दामाद वाले बयान पर जीतनराम मांझी का पलटवार

राष्ट्रबाण

**पटना.** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने एक बार फिर लालू यादव के परिवार पर निशाना साधा है. इस बार उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में 'लायक और नालायक दामाद' का फर्क गिनाते हुए मीसा भारती के पति शैलेश को निशाने पर लिया है. दरअसल, बीते दिनों बिहार में तेजस्वी यादव ने कुछ नियुक्तियों को लेकर 'दामाद आयोग' कहकर सरकार को घेरा था.

मांझी ने कहा कि लायक बेटा अपने दम पर UNISEF में नौकरी करते हुए पढ़ाई करता है. UGC(NET) पास



करके पीएचडी करता है, फिर BPSC द्वारा आयोजित परीक्षा पास करके विश्वविद्यालय में शिक्षक बन जाता है. नालायक बेटा 10वीं पास भी नहीं कर पाता, पिता की कृपा से क्रिकेट खेलता है और जब वहां भी फेल हो जाता है तो वही पिता उस नालायक बेटे को राजनीति में उतार देते हैं और जबरदस्ती उसे दल की कमान सौंप देते हैं.उन्होंने आगे कहा कि वैसे ही लायक दामाद अपने समाज का पहला इंजीनियर होता है और कई चुनाव लड़ने, सामाजिक कार्य करने के बाद योग्यता के आधार पर उन्हें कोई ओहदा दिया जाता है. मांझी के इस पोस्ट को साफ तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (RJD) प्रमुख लालू यादव के दामाद और मीसा भारती के पति शैलेश पर हमला माना जा रहा है.मांझी ने आगे कहा कि वहीं दूसरी ओर नालायक दामाद इंजीनियरिंग करने के बावजूद घर जमाई बनता है और रोजाना सास-ससुर-साले की गाली सुनने के बावजूद सांसद पत्नी का पर्स ढोए फिरता है.


# राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया ट्विस्ट

## प्रॉपर्टी डीलर ने किया था सोनम का ब्लैक बैग गायब

राष्ट्रबाण

**इंदौर.** इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में पुलिस ने बड़ा एक्शन लेते हुए प्रॉपर्टी डीलर शिलोम जेम्स को गिरफ्तार कर लिया है. शिलोम पर आरोप है कि उसने सोनम रघुवंशी का काला बैग गायब कर दिया है. जिसमें 5 लाख रुपये नगद, सोनम की ज्वेलरी, एक देसी पिस्टल और सोनम के कपड़े थे. पुलिस इस बैग को अहम सबूत के तौर पर देख रही है. ऐसे में पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शिलोम ने किसके कहने पर बैग को गायब किया और सबूत मिटाया.

दरअसल, रिमांड के दौरान



पूछताछ में आरोपी विशाल उर्फ़ विक्की चौहान ने बताया था कि राजा की हत्या के बाद सोनम जब इंदौर में किराये के फ्लैट में छिपी हुई थी तब उसने अपने घर से सोनम के छिपने वाली जगह तक ऑनलाइन एक ऑटो बुक किया था. इस दौरान उसने एक काला बैग भी पहुंचाया था. जिसमें सोनम के कपड़े, ज्वेलरी, 5 लाख रुपये और एक देसी पिस्टल थी.इसी बयान के आधार पर शिलॉन्ग पुलिस दोबारा इंदौर पहुंची और उस काले बैग को तलाश रही है. लेकिन उसे सफलता हाथ नहीं लगी.

इस बीच पुलिस ने उस ऑटो का पता लगा लिया, जिसने वो काला बैग डिलीवर किया था. उसने बताया कि हीराबाग में एक युवक ने उससे वो बैग ले लिया था. पुलिस ने हीराबाग वाले फ्लैट में दबिश दी तो वहां वो बैग नहीं मिला. जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया तो शिलोम जेम्स वही काला बैग फ्लैट से निकालकर कार में ले जाता दिखा. जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया लेकिन वो नहीं आया. इस पर पुलिस ने उसके फोन को ट्रैक किया और उसकी लोकेशन जब इंदौर से देवास जाने वाली रोड पर मिली तो क्षिप्रा ब्रिज के पास उसे पकड़ लिया गया. फ़िलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने किसके कहने पर बैग छिपाया था.


# 2 सप्ताह की डेडलाइन दो दिन में खत्म

## ईरान पर हमले के दांव से ट्रंप ने दोनों मोर्चे पर लिया भारी रिस्क?

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** इजरायल बीते कई दिनों से ईरान के परमाणु ठिकानों को निशाना बनाने के लिए अमेरिका की मदद मांग रहा था. खासतौर पर अमेरिकी बंकर बस्टर बम जिनके जरिए ईरान की अंडरग्राउंड न्यूक्लियर साइट्स को टारगेट किया जा सके. आखिरकार जंग के दसवें दिन अमेरिका सीधे तौर पर इसमें शामिल हो चुका है और उसने ईरान के तीन प्रमुख परमाणु ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हमला किया है.

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरी बार व्हाइट हाउस में वापसी करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को किसी जंग में न झौंकने का वादा किया था. लेकिन ईरान-इजरायल की जंग में वह ना-ना कहते हुए आखिरकार उतर ही गए. राष्ट्रपति बनने के बाद मिडिल ईस्ट में शांति लाने के बजाय, ट्रंप अब



एक ऐसे इलाके पर शासन कर रहे हैं जो और भी बड़े युद्ध के मुहाने पर खड़ा है. एक ऐसी लड़ाई जिसमें अमेरिका एक सक्रिय भागीदार बन चुका है.

**शांति आएगी या भड़केगी जंग?**

ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यह एक सफल ऑपरेशन था. उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके इस कदम से स्थाई शांति का रास्ता खुलेगा, जहां ईरान के पास अब परमाणु शक्ति बनने की क्षमता नहीं रहेगी. इसके उलट ईरान ने कहा है कि उसके भारी सुरक्षा वाले फोर्डो परमाणु ठिकाने को सिर्फ मामूली नुकसान पहुंचा है. वहीं, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी कि अगर उन्होंने अपना परमाणु कार्यक्रम नहीं छोड़ा, तो उन्हें आगे भी ऐसे हमलों का सामना करना पड़ेगा जो बहुत बुरे होंगे. ट्रंप ने कहा कि अभी भी कई टारगेट बचे हुए हैं और अमेरिका सटीकता के साथ उन पर हमला करेगा. राष्ट्रपति के दावे के बावजूद, ईरान में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी जारी रहना अमेरिका, क्षेत्र और पूरी दुनिया के लिए भयावह स्थिति हो सकती है.

### मिडिल ईस्ट की जंग में अमेरिका

अपने दूसरे कार्यकाल में 'शांति-वाहक' बनकर आए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब अमेरिका को मिडिल ईस्ट की एक और जंग में झौंक दिया है. हालांकि फिलहाल अमेरिका नियंत्रित तरीके पर इस जंग में शामिल हुआ है और ट्रंप ने ईरान से शांति बनाने की अपील भी की है. लेकिन ईरान ने जवाबी कार्रवाई का सीधा ऐलान कर दिया है. अब अमेरिका को इस जंग की कीमत चुकानी पड़ सकती है.

### बंदूक के दम पर महिला और 2 बेटियों का अपहरण

राष्ट्रबाण

**छतरपुर,** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक दर्जन से अधिक हथियारबंद लोगों के एक समूह ने गोलीबारी करने और उसके पति को घायल करने के बाद एक महिला और उसकी दो नाबालिग बेटियों का अपहरण कर लिया. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. घटना शनिवार को दोपहर करीब 12.30 बजे लवकुशनगर थाना क्षेत्र के सुमेदी गांव में हुई. जहां आरोपी मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों पर सवार होकर पहुंचे. उप-विभागीय पुलिस अधिकारी नवीन दुबे ने बताया कि फिलहाल महिला और दो बच्चों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं. अधिकारी ने बताया कि पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और उनके खिलाफ हत्या के प्रयास सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# 'ईरान को न्यूक्लियर हथियार देने कई देश तैयार'

## रूसी नेता का सनसनीखेज दावा,अमेरिकी हमले को बताया नाकाम

राष्ट्रबाण

**नई दिल्ली.** रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने एक चौंकाने वाला बयान दिया, जिसमें उन्होंने दावा किया कि कई देश ईरान को अपने परमाणु हथियार सीधे देने के लिए तैयार हैं. यह बयान अमेरिका द्वारा 21 जून 2025 को ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर रात में किए गए हमलों के जवाब में आया.

मेदवेदेव ने कहा कि ये हमले ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने में नाकाम रहे और मध्य पूर्व में तनाव को और बढ़ा दिया. उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शांति का राष्ट्रपतिर सेयुद्ध शुरू





करने वाला बताकर तीखी आलोचना की.

अमेरिकी हमले: क्या हुआ?

21 जून 2025 की रात को अमेरिका ने एक बड़े सैन्य ऑपरेशन में B-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स और USS जॉर्जिया (SSGN 729) पनडुब्बी का उपयोग कर ईरान के तीन परमाणु ठिकानों फोर्डो, नतांज और इस्फहान पर हमले किए। इस ऑपरेशन में.12 GBU-57 मैसिव ऑर्डनेंस पेनेट्रेटर (MOP) बम फोर्डो पर गिराए गए, जो 60 मीटर गहरे बंकरों को भेद सकते हैं. दो GBU-57 MOP बम नतांज पर गिराए गए. 30 टॉमहॉक क्रूज़ मिसाइलें नतांज और इस्फहान पर दागी गईं.

**घोषणा** अमेरिकी हमलों के बाद ईरान का पहला बयान

# 'न किसी की जान गई, न रेडिएशन लीक का खतरा'

राष्ट्रबाण

**तेहरान.** अमेरिका की ओर से 3 परमाणु ठिकानों पर हमलों के बाद ईरान ने पहला बयान जारी किया है. ईरान का कहना है कि उसकी न्यूक्लियर साइट्स को कोई नुकसान नहीं हुई है और वे पूरी तरह सुरक्षित हैं. साथ ही रेडिएशन लीक के खतरे से भी इनकार किया गया है.

ईरान की परमाणु ऊर्जा संस्था (AEOI) ने रविवार को अमेरिकी हवाई हमलों के बाद देश के प्रमुख परमाणु ठिकानों पर किसी भी तरह के रेडिएशन लीक के खतरे से इनकार किया है. ईरान की सरकारी मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से यह जानकारी सामने आई है.

**बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स से बरसाए बम:** भारतीय समयानुसार





रविवार सुबह अमेरिका ने ईरान की तीन न्यूक्लियर साइट्स को निशाना बनाया. अमेरिका के बी2 बमवर्षक विमानों ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान में परमाणु ठिकानों को टारगेट किया. अमेरिका ने इस ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक बी-2 स्पिरिट स्टील्थ बॉम्बर्स का इस्तेमाल किया गया, जो अमेरिका की वायुसेना के सबसे एडवांस्ड स्ट्रेटेजिक प्लेटफॉर्म्स में गिने जाते हैं.राष्ट्रपति ट्रंप ने इन हमलों को 'बेहद सफल ऑपरेशन' करार दिया और दावा किया कि फोर्डो सेंटर, जिसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम का सबसे अहम हिस्सा माना जाता था, अब पूरी तरह तबाह कर दिया गया है. ट्रंप ने कहा, 'फोर्डो अब बर्बाद हो चुका है.'

**ईरान के विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान:** ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी अमेरिका के सैन्य हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है. मंत्रालय ने कहा कि यह हमला संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर-राष्ट्रीय कानून के सबसे बुनियादी सिद्धांतों का उल्लंघन है. ईरान ने कहा कि इस गंभीर अपराध के खतरनाक परिणामों के लिए पूरी जिम्मेदारी अमेरिका की आक्रामक और गैरकानूनी सरकार पर होगी.ईरान ने कहा कि UN के एक सदस्य देश की क्षेत्रीय अखंडता और राष्ट्रीय संप्रभुता के खिलाफ अमेरिका की यह सैन्य आक्रामकता एक बार फिर अमेरिका की दुर्भावना और ईरान के लोगों के खिलाफ उसकी शत्रुतापूर्ण मंशा को उजागर करती है. ईरान इस अमेरिकी आक्रामकता के खिलाफ पूरी मजबूती से प्रतिरोध करना और अपने राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों की रक्षा करना अपना अधिकार मानता है. ईरान, संयुक्त राष्ट्र, सुरक्षा परिषद, महासचिव, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) और अन्य संबंधित अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाता है कि वे इस आपराधिक अंतरराष्ट्रीय उल्लंघन के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें.

**'भारी पड़ेगी दुनिया की चुप्पी'**

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर इस खुले आक्रमण पर दुनिया चुप्पी साधे रहती है तो इससे पूरी दुनिया बड़े खतरे में पड़ जाएगी. मंत्रालय ने कहा कि IAEA और उसके महानिदेशक की जिम्मेदारी अब पहले से कहीं अधिक उजागर हो चुकी है. हम IAEA के बोर्ड ऑफ

### 'नहीं रुकेगा ईरान का परमाणु कार्यक्रम'

संगठन ने जनता को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा जांच में किसी भी तरह के रेडिएशन का पता नहीं चला है. इसके साथ ही संस्था ने यह भी साफ किया कि देश का परमाणु कार्यक्रम, जिसे उसने 'नेशनल इंडस्ट्री' करार दिया, इन हमलों के बावजूद नहीं रुकेगा .ईरान की परमाणु ऊर्जा संस्था ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करार दिया और कहा कि एजेंसी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है. ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इन हमलों की निंदा करने और शांतिपूर्ण परमाणु विकास के अधिकार में ईरान का समर्थन करने की अपील की है.

# 'बमों की रेंज 65 मीटर परमाणु ठिकाने 300 फीट नीचे'

## अमेरिकी हमले में ईरान को नुकसान?

राष्ट्रबाण

**बीजिंग.** चीन के आधिकारिक मीडिया ने रविवार को ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बम हमलों की आलोचना की, जबकि यहां के विशेषज्ञों ने कहा कि हमलों में इस्तेमाल किए गए बंकर-बस्टर बम ईरान के भूमिगत परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते. अमेरिका ने रविवार की सुबह ईरान के फोर्डो, इस्फहान और नतांज परमाणु प्रतिष्ठानों पर बम गिराए. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने तीन परमाणु केंद्रों पर बहुत सफल हमला किया है.

ईरान के परमाणु स्थलों पर हमलों में अमेरिकी बी2 स्टील्थ बॉम्बर्स शामिल थे. चीन ने शनिवार को युद्ध रोकने के लिए ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष विराम का आह्वान



किया था. उसने अभी तक अमेरिकी हवाई हमलों पर आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है. चीन के सरकारी अखबार चाइना डेली के एक संपादकीय में कहा गया कि ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर अमेरिका के एकतरफा सैन्य हमले एक लापरवाहीपूर्ण कार्रवाई और अंतरराष्ट्रीय कानून का घोर उल्लंघन है, जो संघर्ष को और बढ़ाएगा. इसमें कहा गया है कि इस तरह की एकतरफा कार्रवाई नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करती है और हमलों ने स्थिति को और अधिक खराब कर दिया है.

# बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट ने पकड़ी रफ्तार

## मुंबई की ओर से हुआ काम

राष्ट्रबाण

**मुंबई :** गुजरात के बाद महाराष्ट्र में भी देश के पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट ने रफ्तार पकड़ ली है. नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHSRCL) ने बुलेट ट्रेन का मार्ग तैयार करने के लिए दहानू में पहला 40 मीटर लंबा फुल स्पैन प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) बॉक्स गर्डर सफलतापूर्वक लॉन्च किया. इस प्रोजेक्ट के तहत महाराष्ट्र में 156 किमी लंबा ट्रैक तैयार होना है. इसमें 21 किमी मार्ग भूमिगत और 135 किमी का एलिवेटेड मार्ग होगा.

**50 किमी का एलिवेटेड मार्ग**

मुंबई से अहमदाबाद से बीच कुल 503 किमी लंबा ट्रैक तैयार किया जा रहा है. गुजरात में 352 किमी लंबे मार्ग में से 300 किमी के हिस्से में एलिवेटेड मार्ग तैयार करने का पूरा हो चुका है. महाराष्ट्र में भी बुलेट ट्रेन के लिए 50 किमी का एलिवेटेड मार्ग तैयार करने के लिए पिलर खड़ा करने का काम चल रहा है. वहीं, बीकेसी, विरार, बोईसर और ठाणे में स्टेशन तैयार करने का काम चल रहा है. विरार और बोईसर स्टेशन पर स्लैब तैयार करने का काम पूरा कर लिया गया है, जबकि ठाणे स्टेशन का फाउंडेशन वर्क चल रहा है. वहीं, उल्लास और वैतारण नदी पर ब्रिज तैयार करने का काम चल रहा है.

**राज्य में ऐसा होगा बुलेट ट्रेन का मार्ग**

बुलेट ट्रेन के लिए बीकेसी में तैयार हो रहा पहला स्टेशन भूमिगत होगा. बीकेसी से ठाणे के शिलफाटा के बीच 21 किमी लंबा भूमिगत मार्ग होगा. शिलफाटा से गुजरता की सीमा के करीब ज़ारोली गांव तक बुलेट ट्रेन का 135 किमी लंबा एलिवेटेड मार्ग होगा. 135 किमी लंबे मार्ग में से 103 किमी का मार्ग 2,575 एफएसएलएम गर्डर का इस्तेमाल कर तैयार किया जाएगा, जबकि 17 किमी का मार्ग सेगमेंटल गर्डर्स का उपयोग का तैयार होगा.

**सबसे भारी गर्डर**

40 मीटर लंबे पीएससी बॉक्स गर्डर का वजन लगभग 970 मीट्रिक टन है, जो सबसे भारी गर्डर कहा जा रहा है. बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए पूर्ण-स्पैन गर्डर्स को प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि यह सेगमेंटल गर्डर की तुलना में 10 गुना अधिक तेजी से निर्माण कार्य को संभव बनाते हैं. गर्डर समेत अन्य सामग्री तैयार करने के लिए शिलफाटा और गुजरात-महाराष्ट्र सीमा के बीच कुल 13 कास्टिंग यार्ड की योजना बनाई गई है, जिनमें से 5 वर्तमान में चालू हैं.



### पूरे प्रोजेक्ट पर एक नज़र

- 508 किमी कुल मार्ग की लंबाई.
- 352 किमी गुजरात में.
- 156 किमी महाराष्ट्र में.
- कुल 12 स्टेशन होंगे.
- 20 नदियां पार कर दौड़ेगी ट्रेन.

### महाराष्ट्र में ऐसे दौड़ेगी बुलेट ट्रेन

- 156 किमी कुल मार्ग की लंबाई.
- 21 किमी भूमिगत मार्ग होगा.
- 135 किमी का एलिवेटेड मार्ग.
- 103 किमी मार्ग 2,575 एफएसएलएम गर्डर से बनेगा.
- 17 किमी का मार्ग सेगमेंटल गर्डर्स से बनेगा.
- 2.3 किमी का स्टील ब्रिज.
- ठाणे, विरार और बोईसर में स्टेशनों पर 1.3 किमी का मार्ग.
- 06 किमी लंबी सुरंग पहाड़ों में बनेगी.
- 05 किमी का मार्ग ऊंचाई वाले स्थानों पर बनेगा.

# शिवसेना UBT के 2 पूर्व पार्षद BJP में शामिल

## उद्धव को फिर बड़ा झटका शेलार ने छोड़े तीर



राष्ट्रबाण

**मुंबई.** उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी को मुंबई में बड़ा झटका लगा है. पार्टी के दो पूर्व पार्षद रविवार को बीजेपी में शामिल हो गए. उद्धव ठाकरे की शिवसेना के काफी नेता और पदाधिकारी शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना मे भी शामिल हुए हैं. ऐसे में उद्धव ठाकरे को अब मुंबई में 'डबल अटैक' का सामना करना पड़ा रहा है. शिवसेना यूबीटी के दो पूर्व पार्षदों के बीजेपी में आने पर मंत्री और मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार ने बड़ा हमला बोला. उन्होंने शिवसेना की स्थिति की तुलना मुंबई की 'खतरनाक' और 'जर्जर' इमारत से की. अध्यक्ष शेलार ने कहा कि शिवसेना के 50 पूर्व पार्षद पहले ही प्रतिद्वंद्वी गुट में शामिल हो चुके हैं. बीजेपी में शामिल होने वाले पूर्व पार्षदों के नाम पूर्व पार्षद ईश्वर तायडे और आकांक्षा शेट्टी हैं.आशीष शेलार ने कहा कि कहा कि अविभाजित शिवसेना ने 2017 के मुंबई निकाय चुनावों में 84 सीट जीती थीं जबकि भाजपा को 82 सीट पर जीत मिली थी. अब 100 से अधिक पूर्व पार्षदों के साथ हम शिवसेना की मूल संख्या को पार कर चुके हैं. शिवसेना के अलावा अन्य दलों के पूर्व पार्षद भी हमारे साथ आए हैं. मंत्री ने कहा कि मुंबई वासियों के आशीर्वाद से भाजपा आगामी नगर निगम चुनावों में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी.शेलार ने कहा कि शिवसेना की हालत मुंबई की खतरनाक और जीर्ण-शीर्ण इमारतों जैसी है. उन्होंने आगे कहा कि पार्टी की हालत खतरनाक है क्योंकि यह हिंदुत्व विरोधी, मुंबई विरोधी और बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा विरोधी हो गई है.

## फास्ट ट्रैक

### 28 वर्षीय पायलट से कैब में छेड़खानी

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुंबई में एक 28 वर्षीय एयरलाइन की महिला पायलट से छेड़खानी का मामला सामने आया है. महिला एयर-लाइन पायलट के साथ यौन उत्पीड़न के आरोप में उबर कैब के ड्राइवर और दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना गुरुवार रात करीब 11.15 बजे हुई, जब महिला दक्षिण मुंबई से घाटकोपर स्थित अपने घर लौट रही थी.महिला का पति नौसेना में अधिकारी है, लेकिन उसे अभी तक सरकारी आवास नहीं मिला है. इसलिए वह नौसेना के आवासीय परिसर में रहता है, जबकि महिला घाटकोपर में रहती है. गुरुवार रात दक्षिण मुंबई के एक रेस्तरां में खाना खाने के बाद उसके पति ने उसके लिए उबर की सवारी बुक की. महिला के अनुसार कैब ड्राइवर ने यात्रा के 25 मिनट बाद मार्ग बदल दिया और दो लोगों को कैब में बैठा लिया.महिला ने अपनी शिकायत में कहा कि कैब में उसके बगल में बैठने वाले शख्स ने उसे अनुचित तरीके से छुआ. वहीं. जब उसने उस पर चिल्लाया तो उसने उसे धमकाया और कैब चालक ने कोई हस्तक्षेप नहीं किया. महिला ने बताया कि कुछ दूर जाने के बाद आरोपी व्यक्तियों ने देखा कि पुलिस आगे हाईवे पर चेकिंग कर रही है. ऐसे में दोनों बीच में उतरकर भाग गए. महिला ने बताया कि जब वह घर पहुंची तो उसने पूछा तो चालक ने उसे कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया कि उसने दोनों पुरुषों को कैब में क्यों बैठने दिया. अगली सुबह जब उसने अपने पति को घटना के बारे में बताया तो दंपति ने घाटकोपर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई.

# बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## बांग्लादेशी महिलाओं से करवाया जा रहा था देह व्यापार

राष्ट्रबाण

**मुंबई.** मुंबई की मालवणी पुलिस ने हाल ही में एक सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया था और मौके से तीन बांग्लादेशी महिला नागरिक को रेस्क्यू किया था. अब जांच में सामने आया है कि मेडिकल सेक्टर में नौकरी का लालच देकर उन्हें बांग्लादेश से मुंबई लाया गया और फिर जबरन देह व्यापार में धकेल दिया गया. पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है.

**कैसे हुआ रैकेट का खुलासा?**

दरअसल, मालवणी पुलिस ने कुछ दिनों पहले एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था, जहां से तीन बांग्लादेशी महिलाओं को बचाया गया था. इन महिलाओं से पूछताछ में पता चला कि उन्हें मेडिकल सेक्टर में नौकरी का लालच देकर देह व्यापार में धकेला गया है. इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने एक बड़ी जांच शुरू की, जिससे एक बड़े अंतरराष्ट्रीय रैकेट का पर्दाफाश हुआ.

**नौकरी का झांसा, अवैध घुसपैठ**

पुलिस के अनुसार, बचाई गई महिलाएं बांग्लादेश के गरीब परिवारों से ताल्लुक रखती हैं और अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए काम की तलाश में थीं. आरोपियों ने इसी मजबूरी का फायदा उठाया और उन्हें मुंबई के अस्पतालों में नौकरी दिलाने का झूठा वादा किया. पिछले महीने इन महिलाओं को अवैध तरीके से भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कराकर मुंबई लाया गया था.



### फर्जी आधार कार्ड और गिरफ्तारी

मुंबई पहुंचने के बाद इन महिलाओं को अपनी बांग्लादेशी पहचान छिपाने के लिए फर्जी आधार कार्ड उपलब्ध कराए गए और फिर उन्हें जबरन देह व्यापार में धकेल दिया गया. मालवणी पुलिस ने विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर छापे मारे और कुल 14 बांग्लादेशी महिलाओं का रेस्क्यू किया. इस रैकेट में शामिल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिन पर तस्करी, शोषण और फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने का आरोप है.

# अकेलापन दूर करने 85 साल के बुजुर्ग को पार्टनर की तलाश

## शादी का ऐड देख फंसे, गंवाए 11 लाख

राष्ट्रबाण

**पुणे.** महाराष्ट्र के पुणे में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां की बिबवेवाड़ी पुलिस ने एक 85 वर्षीय व्यक्ति की शिकायत पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. शिकायत में कहा गया है कि मैट्रिमोनियल फ्रॉड में उन्हें 11.45 लाख रुपये का नुकसान हुआ है. यह घटना 18 अप्रैल से 6 जून के बीच हुई. पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग व्यक्ति अपने बेटे और बहू के साथ बिबवेवाड़ी में एक बंगले में रहते हैं. उनकी पत्नी का निधन 11 साल पहले हो गया था. अकेलेपन से तंग आकर, उन्होंने फिर से शादी करने और एक नया जीवन शुरू करने का फैसला किया.बुजुर्ग ने मैट्रिमोनियल विज्ञापन देखना शुरू किया. उन्हें एक स्थानीय अखबार में एक महिला का प्रस्ताव मिला. उन्होंने विज्ञापन में दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया. रजिस्ट्रेशन शुल्क का भुगतान करने के बाद, उन्होंने कॉलर से प्रस्ताव के बारे में जानकारी प्राप्त की.

**57 साल की महिला से मिलवाया**

बिबवेवाड़ी पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर अश्विनी सतपुते ने बताया कि धोखेबाज ने फिर उन्हें एक महिला से मिलवाया. उसने दावा किया कि महिला 57 साल की है. उन्होंने कहा कि दोनों ने बातचीत शुरू की, अपनी प्रोफाइल का आदान-प्रदान किया और एक-दूसरे में रुचि दिखाई.शादी का प्रस्ताव फाइनल होने से पहले, महिला आदमी के साथ रहने के लिए राजी हो गई. उसने उसका विश्वास जीता. फिर उसने उसे अपनी चचेरी बहन के इलाज के लिए अलग-अलग रकम देने के लिए कहा. उसने कहा कि उसके पास डेबिट कार्ड या चेक बुक नहीं है.जब महिला ने एक के बाद एक बहाने से और पैसे मांगने शुरू कर दिए, तो पीड़ित को शक हुआ. उसने और पैसे देने से इनकार कर दिया. उसने जोर दिया कि वह उससे मिले और पैसे वापस करे. सतपुते ने कहा कि बुजुर्ग व्यक्ति को तब पता चला कि उसके साथ धोखा हुआ है जब उसने अपना फोन बंद कर दिया और उससे बात करना बंद कर दिया. उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम पुलिस ने धोखेबाज के बैंक खाते को फ्रीज कर दिया है.बुजुर्ग व्यक्ति ने शहर की पुलिस साइबर क्राइम यूनिट में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई. वेरिफिकेशन के बाद, भारतीय न्याय संहिता की धारा 319 (2) (प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी) और 318 (4) (धोखाधड़ी) और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66 (डी) (कंप्यूटर संसाधन का उपयोग करके प्रतिरूपण द्वारा धोखाधड़ी) के तहत 2 मोबाइल नंबर और एक बैंक खाते के धारकों के खिलाफ FIR दर्ज की गई.



### कई बार अलग-अलग बहानों से ठगी रकम

पुलिस के मुताबिक, अस्सी साल के बुजुर्ग ने महिला की बातों पर विश्वास कर लिया. उन्होंने महिला की जानकारी और पहचान की पुष्टि नहीं की. उन्होंने ऑनलाइन उसके बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए. बाद में, सतपुते ने कहा, महिला ने फिर से बूढ़े आदमी से कुछ पैसे भेजने के लिए कहा. उसने कहा कि उसका एक्सीडेंट हो गया है और उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया है. उन्होंने फिर से उसके खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए.

# मुंबई के तोते को अजब बीमारी

## चेंबूर में चल रहा इलाज, लाखों रपये खर्च

राष्ट्रबाण

**मुंबई :** एक तोते का MRI स्कैन किया गया है. उसे एक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसके लिए एक्यूपंक्चर किया जा रहा है. यह तोता चेंबूर में एक कार धोने वाले को एक गाड़ी के नीचे मिला था. डॉक्टरों का कहना है कि तोते को अटैक्सिया है. यह एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है. लेकिन, तोता धीरे-धीरे ठीक हो रहा है. जब तोता मिला, तो वह कांप रहा था. वह अपनी गर्दन को मोड़कर पानी भी नहीं पी पा रहा था. वह खाने को भी नहीं काट पा रहा था. डॉ. दीपा कटयाल इंजीनियर इस तोते का इलाज कर रही हैं.डॉ. दीपा ने बताया कि एक्स-रे में कुछ खास नहीं दिखा. डॉ. कटयाल दर्द प्रबंधन की विशेषज्ञ हैं. उनकी न्यूरोलॉजिकल बीमारियों में खास रुचि है. उन्होंने कहा कि उसकी पूंछ पर चोट लगी थी. उसके शरीर के कांपने से अटैक्सिया का पता चला, जो एक न्यूरोलॉजिकल समस्या हो सकती है.सही जानकारी के लिए, तोते के दिमाग और रीढ़ की हड्डी का MRI स्कैन किया गया. यह स्कैन इंसानों के लिए बने एक अस्पताल में किया गया. डॉ. कटयाल ने कहा कि हमें पहले यह पता करना था कि क्या यह न्यूरोलॉजिकल समस्या है. अगर हां, तो क्या यह ठीक हो सकती है. MRI मशीन में तोते को ले जाने के लिए, उसे एनेस्थीसिया दिया गया.MRI स्कैन करते समय, हिलना मना होता है. लेकिन, यह तोता लगातार हिल रहा था. डॉ. कटयाल ने कहा कि एनेस्थीसिया के बिना तस्वीरें लेना मुमकिन नहीं था. उन्होंने बताया कि इंजेक्शन वाले एनेस्थीसिया का इस्तेमाल करते समय, तोते को सांस लेने के लिए एक नली लगाई गई थी.



# 'मिस्टर ट्रंप आपको उल्लू बना रहे हैं'

## संजय राऊत ने पीएम मोदी पर कसा तंज

राष्ट्रबाण

**मुंबई :**ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद से भारत में हर राजनीतिक दल अपनी प्रतिक्रिया दे रहा है. इसी बीच उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राऊत ने मोदी सरकार पर तंज कसा है और यह सवाल भी उठाया है कि अगर ट्रंप इजरायल का साथ दे सकते हैं तो फिर हिन्दुस्तान का क्यों नहीं दिया था? अपनी प्रेस कांफ्रेंस में संजय राऊत ने सवाल किया है कि अमिरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप युद्ध में क्यों शामिल हो गए? उन्होंने कहा, ईरान और इजरायल का झगड़ा चल रहा है तो प्रेसिडेंट ट्रंप को कूदने की क्या जरूरत है? ट्रंप कूद भी गए हैं और ईरान पर बम भी बरसाए हैं.

उन्होंने वॉर रुकवाने का बार-बार क्रेडिट भी लिया. वो विश्व में शांति लाना चाहते हैं. इसके लिए उन्हें नोबेल पीस प्राइस भी चाहिए.

**'पीएम मोदी और सरकार को सोचना चाहिए'**

संजय राऊत ने सवाल किया, नोबेल पुरस्कार के लिए ट्रंप ने पाकिस्तान के जनरल मुनीर को अपने व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया. हमारा वॉर तो आपने रुकवा दिया, लेकिन ईरान के पास परमाणु बम है, यह बोलकर आप इजरायल के साथ खड़े हो गए और ईरान पर बम डालने लगे. तो मिस्टर ट्रंप आप हमारे साथ क्यों नहीं खड़े हुए? यह पीएम मोदी और उनकी सरकार को सोचना चाहिए. ट्रंप आपको उल्लू बना रहे हैं और आप बन रहे हैं.



### 'विश्व शांति के लिए नोबेल पुरस्कार चाहते हैं ट्रंप'

पहलगाम आतंकी हमले, इसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर और फिर पाकिस्तान के हमले का जिक्र कर संजय राऊत ने अमेरिकी राष्ट्रपति पर तंज कसा. उन्होंने कहा, जब हिन्दुस्तान और पाकिस्तान का संघर्ष चल रहा था तो यही मिस्टर ट्रंप थे, जिन्होंने वॉर रुकवाई थी.

# गठबंधन पर फैसला उद्धव और राज ठाकरे लेंगे

## किसी और के बोलने का कोई मतलब नहीं: राऊत

राष्ट्रबाण

**मुंबई,** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के संभावित गठबंधन को लेकर जारी चर्चाओं के बीच शिवसेना (UBT) सांसद संजय राऊत ने रविवार को स्पष्ट किया कि इस मुद्दे पर अंतिम फैसला सिर्फ उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ही लेंगे. उन्होंने कहा कि इस पर किसी और की टिप्पणी का कोई महत्व नहीं है.

राऊत ने कहा, मनसे के जो नेता गठबंधन के खिलाफ बयान दे रहे हैं, वे राजनीति में देर से आए हैं. ठाकरे भाइयों को मैं बरसों से करीब से जानता हूं. मुझे पता है क्या होने वाला है और क्या नहीं. बाकी किसी की बात मायने नहीं रखती.

यह बयान ऐसे समय आया है जब मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने हाल ही में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुंबई के एक होटल में मुलाकात की थी, जिससे राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई. इसके चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कि राज ठाकरे फिर से भाजपा के साथ जा सकते हैं. लोकसभा चुनाव 2024 में उन्होंने भाजपा नेतृत्व वाली महायुति को समर्थन दिया था.हाल ही में उद्धव और राज ठाकरे के कुछ बयानों ने संकेत दिए कि वे करीब दो दशक बाद फिर साथ आ सकते हैं. दोनों ने 'मराठी मानुष' के हित में 'छोटी बातों' को भुलाने की बात कही है. राज ठाकरे ने कहा कि अगर महाराष्ट्र और मराठी समाज के हित में एक होना जरूरी है, तो यह मुश्किल नहीं है. वहीं उद्धव ठाकरे ने यह शर्त रखी कि जो महाराष्ट्र के खिलाफ काम कर रहे हैं, उन्हें गठबंधन में स्थान नहीं मिलेगा.मुंबई महानगरपालिका चुनाव समेत अन्य निकाय चुनावों से पहले दोनों ठाकरे भाइयों के बीच समीकरण बन सकते हैं. हालांकि भाजपा और मनसे के बीच संभावित गठबंधन की चर्चाएं भी तेज हैं.

**मामला** | जब हम 10 मिनट नमाज पढ़ते हैं तो, आजमी का विवादित बयान

# तब कोई मुस्लिम शिकायत नहीं करता

राष्ट्रबाण

**पुणे/सोलापुर:** समाजवादी पार्टी के नेता और मुंबई से विधायक अबू आसिम आजमी ने एक बार फिर बवाल खड़ा करने वाले बयान दिया है. सोलापुर पहुंचे अबू आजमी महाराष्ट्र में हिंदी-मराठी भाषा विवाद से लेकर ईरान-इजरायल युद्ध तक पर बोले. अबू आजमी ने इस मौके पर कहा कि वह मराठी की इज्जत करते हैं. मराठी का सम्मान होना चाहिए लेकिन हिंदी का अपमान नहीं. उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि यह झगड़ा खड़ा कराने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वोट मिल जाएं. वे छुटभैए नेता (मनसे) हैं. उन्होंने कहा कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे एक हो जाएं तो ठीक ही रहेगा, हालांकि इस सब के अलावा उन्होंने एक विवादित बयान भी दे डाला.महाराष्ट्र में वारकारी सम्प्रदाय के पालकी समारोह को लेकर अबू आजमी इसकी जह से वजह से सड़क जाम हो जाती है, हमने 10 मिनट नमाज अदा करते हैं तो शिकायत की जाती है. इससे पहले अबू आसिम आजमी के औरंगजेब बयान पर सियासी बवंडर खड़ा हो चुका है.

इसलिए, जब कोई मुसलमान दस मिनट के लिए सड़क पर नमाज पढ़ता है तो शिकायत की जा रही है. अबू आजमी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के पासपोर्ट रद्द करने की धमकी दे रहे हैं.

**पूरे देश के लिए एक भाषा**

अबू आजमी ने भाषा विवाद पर कहा कि पूरे देश के लिए एक भाषा होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि इसके साथ में राज्यों की भाषा हो. उन्होंने कहा कि वह मराठी की इज्जत करते हैं लेकिन हिंदी का अपमान नहीं होना चाहिए. आजमी ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक हिंदी भाषा का होना जरूरी है.सोलापुर के गेस्ट हाउस में आजमी ने कहा इजरायल-ईरान युद्ध पर अपनी प्रतिक्रिया दी. इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए कई फिलिस्तीनी नागरिकों को भारत में शरण दी गई थी. अबू आजमी ने जवाब दिया है कि मौजूदा भारतीय प्रधानमंत्री को ईरान का समर्थन करना चाहिए.



### कोई मुस्लिम शिकायत नहीं करता

महाराष्ट्र में सपा के सबसे बड़े नेता अबू आजमी ने कहा कि पालकियों की वजह से सड़क जाम हो जाती है, जब हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं, तो मुसलमान विरोध नहीं करते. आजमी ने बयान दिया है कि जब मुसलमान नमाज अदा करते हैं तो शिकायत की जाती है. उन्होंने कहा कि पालकियों की वजह से सड़क जाम हो जाती है, सड़क पर कई हिंदू त्योहार मनाए जाते हैं. कोई भी मुस्लिम व्यक्ति हिंदू त्योहारों के खिलाफ शिकायत नहीं करता है.

# चुनाव से पहले उद्धव ने किया 'सीक्रेट' डिनर!

## जुटे एक साथ सभी विधायक-सांसद?


राष्ट्रबाण

**मुंबई** महाराष्ट्र में राजनीति का पारा इन दिनों हाई है. इसी बीच शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार (20 जून) रात मुंबई के उपनगर में स्थित एक होटल में पार्टी के सांसदों और विधायकों के साथ रात्रिभोज पर महत्वपूर्ण बैठक की. यह बैठक ऐसे समय पर हुई है जब नगर निगम के चुनाव को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल तेज है और ठाकरे गुट को लगातार स्थानीय स्तर पर नेताओं के पार्टी छोड़ने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है.

**आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर हुई यह बैठक**

हालिया हफ्तों में कई छोटे-बड़े नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो चुके हैं. ऐसे में उद्धव ठाकरे की यह बैठक आगामी स्थानीय निकाय चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है. इस दौरान ठाकरे गुट और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) के बीच संभावित गठबंधन की अटकलें भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बनी रहीं.

बैठक के बारे में जानकारी देते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता और दक्षिण मध्य मुंबई से सांसद अनिल देसाई ने बताया कि इसमें सभी लोकसभा और विधानसभा सदस्य शामिल हुए. फिलहाल उद्धव गुट के पास 9 लोकसभा सांसद, 20 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद और 7 विधान परिषद सदस्य हैं. इस दौरान विधायकों ने खासतौर पर किसानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और BJP सरकार की ऋणमाफी योजनाओं की विफलता को लेकर नाराजगी जताई. इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा संसद में विपक्ष को बोलने का पर्याप्त अवसर न देने की शिकायत भी चर्चा का हिस्सा बनी. देसाई के मुताबिक, बैठक में 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की गई, जिसे पार्टी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया. इस पूरे आयोजन को एकजुटता और आगे की रणनीति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, खासकर तब जब महाराष्ट्र में चुनावी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है.



# अजय देवगन करने जा रहे सबसे बड़ा धमाका



अजय देवगन के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं. 25 जुलाई को उनकी 'सन ऑफ सरदार 2' आने वाली है. यूं तो इस फिल्म से उम्मीदें भी काफी ज्यादा है, क्योंकि पहले ही एक फिल्म फ्लॉप, तो एक हिट रही है. हालांकि, अजय देवगन की जिस फिल्म का बेसब्री से इंतजार हो रहा है, वो है दृश्यम 3. जिस पर पहले से अपडेट मिलता रहा है कि फिल्म बनेगी और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा.

अब पता लग गया है कि कब काम शुरू होने वाला है.दरअसल साल 2015 में 'दृश्यम' का पहला पार्ट आया था. जिसने दुनियाभर से 110.40 करोड़ का बिजनेस किया था. वहीं दूसरा पार्ट साल 2022 में आया था, जिसने वर्ल्डवाइड 342 करोड़ का कारोबार किया था. इसी बीच पिंकविला पर एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि फिल्म इसी साल के आखिरी क्वार्टर में फ्लोर पर आ जाएगी.कुमार मंगत और अभिषेक पाठक ने 'दृश्यम 3' का शूटिंग शेड्यूल लॉक कर दिया है. दृश्यम 3 एक फैमिली थ्रिलर है, जो 2 अक्टूबर, 2025 को फ्लोर पर आ जाएगी. दरअसल गांधी जयंती की डेट इस फिल्म के लिए एक अलग महत्व रखती है. खास बात यह है कि यह एक मैराथन शेड्यूल होने वाला है, जो महाराष्ट्र के रियल लोकेशन पर 3 महीने तक चलेगा. साथ ही स्टूडियो सेटअप भी है. यह भी पता लगा कि अजय देवगन पहले ही फिल्म के लिए डेट्स दे चुके हैं.वहीं इस फिल्म को 2 अक्टूबर, 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा. यानी गांधी जयंती के मौके पर रिलीज होगी. फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक हो गई है. हालांकि, इस वक्त मेकर्स फिल्म के डायलॉग ड्राफ्ट पर काम कर रहे हैं.विजय सालगावकर की आगे की कहानी सुनाने के लिए एक बार फिर पूरा दृश्यम परिवार जुड़ गया है. हालांकि, इस बात का कन्फ्यूजन बना हुआ है कि यह एक ओरिजनल स्क्रिप्ट होगी, या फिर मलयालम फिल्म का रीमेक. दरअसल मेकर्स ओरिजनल ड्राफ्ट पर भी काम कर रहे हैं. हालांकि, जुलाई के आखिर तक सब कुछ क्लियर हो जाएगा.



# करिश्मा से अलग होकर संजय कपूर ने प्रिया सचदेव संग रचाई शादी

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर और उनकी सौतन प्रिया सचदेव इन दिनों सुर्खियों में छाई हुई हैं। करिश्मा और प्रिया इन दिनों संजय कपूर के निधन के बाद शोक में हैं। अंतिम संस्कार से करिश्मा और प्रिया के दिल तोड़



देने वाले वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इसी बीच लोग प्रिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाह रहे हैं.कपूर ने प्रिया सचदेव संग रचाई शादी दरअसल संजय कपूर एक बड़े बिजनेसमैन थे, उन्होंने साल 2003 में करिश्मा कपूर से शादी की थी। इन दोनों के दो बच्चे हैं। इस रिश्ते के 11 साल बाद यानी 2014 में इन्होंने तलाक दायर किया, इसके बाद दोनों ने एक दूसरे पर कई आरोप लगाए, इसके बाद साल 2017 में संजय ने दूसरी शादी की। उन्होंने प्रिया सचदेव संग सात फेरे लिए।र ने प्रिया सचदेव संग रचाई शादी प्रिया सचदेव फिल्म 'नील एंड निक्की' की अभिनेत्री है, वह संजय की ही तरह एक बिजनेस परिवार से तालुकात रखती हैं। उनके पापा का नाम अशोक सचदेव है, जो कि जाने-माने का डीलर है। प्रिय मॉडलिंग में एंट्री करने से पहले लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई की थी। इतना ही नहीं प्रिया ने नामचीन कंपनी में इन्वेस्टमेंट बैंकिंग एनालिस्ट की नौकरी भी की थी ने दूसरी शादी की। उन्होंने प्रिया सचदेव संग सात फेरे लिए।प्रिया सचदेव ने भले संजय के साथ शादी की हो, लेकिन वह भी उनकी तरह ही तलाकशुदा थी, और एक बच्चे की मां भी।

# आमिर खान की लेट नाईट आइस क्रीम डेट

बॉलीवुड एक्टर आमिर खान इस समय लगातार सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं. आमिर खान की फिल्म सितारे जमीं पर रिलीज हो चुकी है. रिलीज के बाद से ही ये फिल्म लोगों को काफी पसंद आ रही है. अब तक आमिर खान की इस फिल्म ने करीब 30 करोड़ रुपए की कमाई कर डाली है. ऐसे में आमिर खान का जोश भी इस समय सातवें आसमान है. तभी तो रात के अंधेरे में आमिर खान आइसक्रीम डेट पर जा निकले. सोशल मीडिया पर आमिर खान की एक वीडियो तेजी से वायरल हो रही है. इस वीडियो में आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रेट के हाथों में हाथ डालकर पोज देते नजर आए. वैसे तो आमिर खान ने पूरी कोशिश की थी कि कोई उनको देख न सके.गौरी के साथ आमिर खान रात के अंधेरे में निकले




थे. हालांकि मीडिया ने आमिर खान और गौरी स्प्रेट की चोरी पकड़ ली. ऐसे में आमिर खान और गौरी स्प्रेट ने भी कैमरे के आगे जमकर पोज दिए. इस दौरान आमिर खान और गौरी स्प्रेट दोनों ही ब्लैक लुक में नजर आए. मीडिया के आगे आमिर खान आइसक्रीम खाते दिखे. आमिर खान को देखकर साफ पता चल रहा है कि वो अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ काफी खुश हैं. ऐसे में आमिर खान और गौरी स्प्रेट को साथ देखकर उनके फैंस काफी खुश हो गए हैं.गौरतलब है कि आमिर खान की फिल्म उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म नहीं कर रही हैं.



# खुशी के ताने पर भड़कीं फलक नाज



वेब सीरीज में नजर आने वाली एक्ट्रेस खुशी मुखर्जी अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने बोल्ड अंदाज के लिए चर्चा में रहती हैं. वह अक्सर पैपराजी के कैमरों में कैद होती हैं और उनकी बोल्ड लुक लोगों का ध्यान खींचता है. खुशी मुखर्जी कई बार हद से ज्यादा रिवीलिंग ड्रेस पहनती हैं और उनके फोटोज और वीडियोज वायरल होते ही उन्हें ट्रोल किया जाता है. हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान खुशी मुखर्जी ने एक्ट्रेस फलक नाज के लिए कुछ ऐसा कह दिया कि वह भड़क गईं. फलक नाज ने एक वीडियो शेयर कर खुशी मुखर्जी पर पलटवार किया है. आइए जानते हैं कि ये पूरा मामला क्या है.फलक नाज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. इस वीडियो की शुरुआत में खुशी मुखर्जी नजर आती हैं जो फलक नाज को 'जॉबलेस' बताती हैं. इस वीडियो में आगे फलक नाज कहती हैं, 'एक दीदी हैं जिन्हें हाल ही में पैप्स कवर कर रहे थे तभी एक अंकल ने बोला इन्होंने चड्डी नहीं पहनी है. इनको चड्डी पहनाओ. इस वीडियो में जो दीदी थी जिन्होंने चड्डी नहीं पहनी थी. उन्होंने बाद में एक इंटरव्यू दिया था कि उन्होंने थोन्ग पहने थे. अब वो हमें जॉबलेस बता रही हैं. बेशक हम बेकार हैं लेकिन हम ऐसे नहीं तो जो पेड पीआर करें और पैसा देकर कवर करने के लिए बताएं, जहां हम अधनंगे कपड़ों में जाएं और फिर कोई पीछे से कोई टोक दे कि चड्डी नहीं पहनी और इस तरह से एक और कंटेंट मिल जाए. इसके बाद हम इंटरव्यू में बोले कि मैने तो थोन्ग पहनी थी.'फलक नाज आगे कहती हैं, 'हम सड़कों पर नहीं घूम रहे हैं. हम बिल्कुल ही पागल हो जाएं और कपड़े उतार दें.



# विराट-जेनेलिया का विवादित विज्ञापन फिर चर्चा में

विराट कोहली और जेनेलिया डिसूजा का एक पुराना विज्ञापन इन दिनों एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है. वजह है इसका कंटेंट, जिसे देखने के बाद कई लोगों ने सवाल उठाए थे, और बाद में ये विज्ञापन बैन भी कर दिया गया था. हालांकि ये एड आज भी यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर मौजूद है, लेकिन जानिए ऐसा क्या था. इस एड में जो इसे बोल्ड और कंट्रोवर्शियल बना गया.यह एड एक मशहूर बैग ब्रांड के लिए शूट किया गया था. इसमें विराट कोहली पायलट की भूमिका में नजर आते हैं, वहीं जेनेलिया डिसूजा एयर होस्टेस बनी हुई हैं. सीन की शुरुआत होती है, कॉकपिट से जहां विराट अपने को-पायलट के साथ फ्लाइट उड़ा रहे होते हैं. तभी को-पायलट वॉशरूम चला जाता है, और जेनेलिया कॉकपिट में एंट्री करती हैं. इसके बाद दोनों के बीच कुछ रोमांटिक और फिजिकल मोमेंट्स दिखाए जाते हैं.रोमांस में खोए विराट अपनी ड्यूटी से ध्यान भटका बैठते हैं, जिससे प्लेन में सवार यात्रियों की जान खतरे में आ जाती है. इस विज्ञापन को 'पब्लिक सेफ्टी' यानी जनहित को ध्यान में रखते हुए, बैन कर दिया गया था. एयर ट्रैवल जैसी संवेदनशील चीज पर लापरवाही और रोमांस को मिलाकर दिखाना कई लोगों को आपत्तिजनक लगा.एड पर यह आरोप था, कि यह पायलट की जिम्मेदारी और प्रोफेशनलिज्म का मजाक बना रहा है, जो असली जिंदगी में खतरनाक हो सकता है.

# शबीर आहलूवालिया ने निभाया अपने विपरीत युग का किरदार



सोनी सब का रोमांटिक ड्रामा 'उफ् ये लव है मुश्किल' अपनी भावनात्मक कहानी और मजबूत किरदारों से दर्शकों का दिल जीत रहा है। शो में एडवोकेट युग सिन्हा का किरदार निभा रहे शबीर आहलू-वालिया असल जिंदगी में बेहद प्रेमपूर्ण, पारिवारिक और जज्बाती इंसान हैं। लेकिन युग एक ऐसा किरदार है जो ठंडा, भावनात्मक रूप से टूटा और प्रेम से दूर है। शब्बीर ने बताया कि इस उलट किरदार को निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण लेकिन आत्म खोज से भरपूर अनुभव रहा। उन्होंने कहा, "मुझे अपने अंदर की गर्मजोशी को रोककर युग की कठोरता को अपनाना पड़ा। यह मेरे अभिनय सफर का सबसे दिलचस्प अनुभव है।" देखते रहिए 'उफ् ये लव है मुश्किल', हर सोमवार से शनिवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी सब पर।

# काजोल ने शाहरुख को लेकर खोला बड़ा राज


काजोल और शाहरुख खान को बॉलीवुड की सबसे हिट ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में गिना जाता है. दोनों ने कई हिट फिल्म दी हैं, और दोनों की दोस्ती भी जग जाहिर है, लेकिन ऐसा हमेशा से नहीं था, ये दोनों एक समय पर एक-दूसरे की तरफ देखना भी पसंद नहीं करते थे, बल्कि काजोल ने तो इन्हें पहली ही मुलाकात में असभ्य और मतलबी कह दिया था. आइए जानते हैं, कि आज के ये दोस्त कल कैसे दुश्मन बन गए थे?शाहरुख खान और काजोल ने हिंदी सिनेमा को कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'कुछ कुछ होता है' और 'माय नेम इज खान' जैसी फिल्में शामिल हैं, जिनमें इनकी केमिस्ट्री दर्शकों को बेहद पसंद आई है, लेकिन क्या आप जानते हैं, कि इनकी दोस्ती की शुरुआत कुछ



खास अच्छी नहीं थी?हाल ही में काजोल ने एक इंटरव्यू में शाहरुख खान से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया है, जिसमें उन्होंने शाहरुख को 'असभ्य' और 'मतलबी' तक कह दिया था. काजोल ने बताया कि यह किस्सा 1993 की फिल्म 'बाजीगर' के सेट का है, जब वह सिर्फ 17 साल की थीं. उन्होंने कहा, 'हम साल के पहले दिन शूटिंग कर रहे थे, और मैं पूरे जोश में थी, लेकिन बाकी सब लोग नये साल की पार्टी के बाद हैंगओवर में थे.उन्होंने आगे बताया, 'मैं सेट पर हर किसी से बात कर रही थी, बकबक कर रही थी, मेरी आवाज पूरे सेट पर गूंज रही थी. तभी मैंने कैमरा मैन से कहा, 'दादा, ये आपके एक्टर कितने खड़ूस हैं. ' उस वक्त शाहरुख दूसरी तरफ बैठे थे, और चुपचाप स्क्रिप्ट पढ़ रहे थे.' काजोल को यह बात खटक गई, कि शाहरुख उनकी बातों पर कोई रिएक्शन नहीं दे रहे थे. उन्होंने उनके पास जाकर बातचीत करने की कोशिश की लेकिन शाहरुख ने कह दिया, 'क्या आप एक मिनट के लिए चुप रह सकती हैं? कोई इसे चुप कराओ.'इसी बात पर काजोल को लगा कि शाहरुख कितने असभ्य और मतलबी हैं.

# मल्लिका शेरावत का बोल्ड योगा लुक वायरल

इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत ने अपने फैंस को एक खास तोहफा दिया है. 48 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और स्टाइल देखकर फैंस दंग रह गए हैं. मल्लिका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें वो एक मुश्किल योग पोज करती हुई नजर आ रही हैं, और वो भी अपने ट्रेडमार्क बोल्ड अंदाज में इस वीडियो में मल्लिका शेरावत व्हाइट ब्रेसलेट और शॉर्ट्स में बेहद एथलेटिक और कॉन्फिडेंट लुक में नजर आ रहीं हैं. खुले बाल, फोकस्ड एक्सप्रेशन और परफेक्ट बैलेंस ने उनके वीडियो को और भी शानदार बना दिया है, इस वीडियो



के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'योग मुझे फिट, तंदुरुस्त और केंद्रित रखता है, सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं.

राष्ट्रबाण विदर्भ VISION
|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
तापमानः नागपुर, अधिकतम 39.0°C न्यूनतम 25.6°C
नागपुर, गुरुवार, 4 जून 2025

# भंडारा जिला बैंक चुनाव की घोषणा

राष्ट्रबाण

**भंडारा.** जिले में सहकारी क्षेत्र में चूका भंडारा अग्रणी बन चुका है और केंद्रीय सहकारी बैंक 113 साल का अपना स्वर्णिम सफर पूरा कर रहा है. 1911 में स्थापित यह बैंक आज भी 'किसानों के बैंक' के नाम से जाना जाता है. 9 साल बाद होने वाला संचालक मंडल का चुनाव पदाधिकारियों के चुनाव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे जिले की सहकारी राजनीति का केंद्र बिंदु भी रहेगा. ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले के सहकारी क्षेत्र में कौन राजनीतिक परचम लहराएगा.

दिलचस्प बात यह है कि भंडारा जिले में नौ साल बाद बहुप्रतीक्षित जिला केंद्रीय बैंक के चुनाव की घोषणा हो गई है और बैंक के चुनाव हो रहे हैं. भंडारा जिला बैंक के 21 निदेशकों के चुनाव के लिए 27 जुलाई को मतदान होगा और 28 जुलाई को मतगणना होगी. इस जिला बैंक चुनाव में 1056 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. नामांकन पत्र दाखिल करने की अवधि 23 जून से 27 जून तक है.भंडारा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करीब नौ साल के अंतराल के बाद की गई है.

आईएस बैंक के संचालक मंडल में कुल 21 संचालक पदों के लिए 27 जुलाई को मतदान होगा. मतगणना 28 जुलाई को होगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति निर्वाचन क्षेत्रों से 7 संचालक, अन्य संस्था निर्वाचन क्षेत्रों से 8, महिला प्रवर्ग से 2, व्यक्तिगत सदस्य प्रवर्ग से 1, अन्य पिछड़ा वर्ग से 1, अनुसूचित जाति प्रवर्ग से 1 तथा विशेष पिछड़ा वर्ग से 1 संचालक का चुनाव किया जाएगा. इस चुनाव में 21 संचालकों का चुनाव करने के लिए सभी निर्वाचन क्षेत्रों से कुल 1056 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार बैंक संचालक पद के उम्मीदवार 23 से 27 जून तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भंडारा कार्यालय में रिटर्निंग अधिकारी तथा प्रभारी जिला उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं की उपस्थिति में अपना नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं. प्राप्त नामांकनों की सूची प्रतिदिन दोपहर 3 बजे के बाद प्रकाशित की जाएगी. प्रस्तुत नामांकन पत्रों की जांच 30 जून को दोपहर 12 बजे से की जाएगी. वैध नामांकन पत्रों की सूची 1 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी. 1 से 15 जुलाई तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे. 16 जुलाई को पात्र उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे तथा अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी. यदि आवश्यक हुआ तो 27 जुलाई को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा. 28 जुलाई को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी तथा मतगणना के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे.वर्ष 1911 में स्थापित जिला बैंक को आज भी 'शेतकरी बैंक' के नाम से जाना जाता है.

## सभी राजनीतिक दलों ने शुरू की तैयारियां



## प्रमुख राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा दांव पर

जिला बैंक चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है और यह चुनाव सिर्फ डायरेक्टर पद के लिए ही नहीं है बल्कि जिले के प्रमुख राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है. पूरे जिले की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि राज्य के सहकारी क्षेत्र में फसली ऋण वितरित करने और वसूली करने में अग्रणी आईएस बैंक पर किस पार्टी का कब्जा होता है. संभागीय संयुक्त पंजीयक कार्यालय द्वारा मतदाता सूची और संभावित प्रत्याशियों की सूची घोषित होने के बाद जल्द ही चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होने की उम्मीद है.

# 'बच्चा चोर गिरोह' की अफवाह रही शहर में

## बीमार महिला को गिरफ्तार कर लिया

राष्ट्रबाण



**चंद्रपुर.** शहर में बच्चों को अगवा करने वाली 10 से 12 महिलाओं का गिरोह आने की अफवाह सोशल मीडिया पर फैल गई और हड़कंप मच गया. इस अफवाह के आधार पर बालाजी वार्ड में एक मानसिक रूप से बीमार महिला को नागरिकों ने पकड़कर पीटा. इस पिटाई का वीडियो सामने आने से शहरवासियों में डर का माहौल बन गया. पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए स्पष्ट किया कि यह महज अफवाह है और मानसिक रूप से बीमार महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया.

सोशल मीडिया पर अफवाह फैली कि शहर के बालाजी वार्ड क्षेत्र में 10 से 12 महिलाओं का एक गिरोह घूम रहा है और वे बच्चों का अपहरण कर रहे हैं. इस अफवाह से डरे नागरिकों ने घर-घर जाकर सामान बेचने वालों को पकड़ लिया और उनसे पूछताछ की. 21 जून की रात को हुई इस घटना ने मामले में नया मोड़ ले लिया. नागरिकों ने संदेह के आधार पर एक महिला को पकड़ा और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया. इसके बाद अफवाह फैल गई कि यह महिला बच्चों का अपहरण कर रही है. इस वीडियो ने शहर में अफरातफरी मचा दी और अभिभावकों में डर का माहौल पैदा हो गया. इस गंभीर मामले की जानकारी मिलते ही चंद्रपुर पुलिस मौके पर पहुंची. उन्होंने संदिग्ध महिला को हिरासत में लिया और जांच शुरू कर दी है. पूछताछ में चौंकाने वाला सच सामने आया. महिला बच्चा चोर गिरोह की सदस्य नहीं है, बल्कि मानसिक रूप से बीमार है. उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह दो बच्चों की मां है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है.इस जानकारी से पुलिस और नागरिकों को राहत मिली है और अफवाहों पर विराम लगा है. झूठी अफवाहों से नागरिकों में अनावश्यक भय फैलता है. किसी को भी ऐसी अफवाहें नहीं फैलानी चाहिए. साथ ही, ऐसी घटनाओं के कारण समाज में गलतफहमी को रोकने के लिए नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और केवल विश्वसनीय जानकारी पर ही भरोसा करना चाहिए, ऐसा पुलिस निरीक्षक निशिकांत रामटेके ने अपील की है.

# चंद्रपुर बन रहा है नकली शराब का अड्डा

## वर्धा से हो रही है बड़े पैमाने पर तस्करी

राष्ट्रबाण

**चंद्रपुर.** जिला धीरे-धीरे डुप्लीकेट (नकली) शराब का गढ़ बनता जा रहा है. कुछ दिन पहले चंद्रपुर लोकल क्राइम ब्रांच की टीम ने चिमूर तहसील में बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में नकली शराब जब्त की थी. अब सूत्रों द्वारा दी गई ताजा जानकारी के अनुसार वर्धा जिले के अलीपुर गांव से एक बड़ा ट्रक नकली शराब लेकर चंद्रपुर जिले में आया है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है.सूत्रों के अनुसार, यह शराब वर्धा जिले के अलीपुर में स्थित एक अवैध डुप्लीकेट शराब फैक्ट्री से चंद्रपुर जिले में भेजी जा रही है. चंद्रपुर में 1 अप्रैल 2015 से शराबबंदी लागू की गई थी, जो छह साल तक लागू रही. इस दौरान जिले में शराब तस्करी का नेटवर्क तेजी से फैला और कई तस्करों ने इस अवैध कारोबार से करोड़ों कमाए.कुछ लोगों ने तो इस कमाई के दम पर अपनी नकली शराब की फैक्टरी भी लगा ली और वर्धा जैसे शराबबंदी वाले जिलों में अवैध शराब बेचने वालों से सांठगांठ करके अपना नेटवर्क फैला लिया. हालांकि, 8 जून 2021 को चंद्रपुर में शराबबंदी हटा ली गई और लाइसेंसी शराब की दुकानें शुरू हो गईं, लेकिन अवैध तस्करों को पैसे की आदत नहीं थी. इसलिए अब ये लोग सस्ते दामों पर नकली शराब बेचकर फिर से मुनाफा कमा रहे हैं.बताया जा रहा है कि जिले में कुछ स्थानीय शराब भट्टियों और शराब दुकानों में नकली शराब बेची जा रही है. इस नकली शराब के कारण गंभीर दुर्घटनाएं और जानलेवा घटनाएं होने की आशंका है. खास तौर पर वर्धा जिले से सटे वरोरा, माजरी, खांबाडा जैसे इलाकों में सक्रिय तस्करों की भूमिका को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है.



# कैदी की जेल में अचानक मौत

## परिसर में टहलते समय अचानक दिल का दौरा पडा

राष्ट्रबाण


**भंडारा.** तीन साल पहले एक युवक की हत्या और हत्या के लिए उकसाने के बेहद गंभीर अपराध में सजा काट रहा एक कैदी अचानक बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई. घटना जिला जेल परिसर में हुई. मृतक कैदी का नाम गंगाधर निखारे (42) है, जो पवनी के पद्मा वार्ड का निवासी था. प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि गंगाधर की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है. हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का असली कारण पता चल पाएगा. पुलिस सूत्रों ने बताया कि तहसीलदार भंडारा की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागपुर भेजा गया है. शुक्रवार 20 जून को दोपहर 3.35 बजे वह जेल बैरक के सामने बरामदे में टहलते समय बेहोश हो गया. जिला जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उसे तुरंत भंडारा जिला सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद जेल कर्मचारी आनंद खड़के की शिकायत पर भंडारा पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है. पुलिस उपनिरीक्षक पूनम कुंभारे मामले की जांच कर रही हैं. जेल में बेहोश होकर गिरे आरोपी की मौत से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है.

# रात में एसआरपीएफ कार्यालय में घूमता रहा तेंदुआ

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हरकतें

राष्ट्रबाण

**अमरावती.** यहां के वडाली इलाके में राज्य रिजर्व पुलिस बल का मुख्यालय है. शनिवार रात एक तेंदुआ इस कार्यालय की इमारत में घुस आया. सुबह तक वह इसी इमारत में था. सीसीटीवी कैमरे में इस तेंदुए की हरकतें कैद हुई हैं. वडाली इलाके में राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के कार्यालय में तेंदुआ घुसने की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की बचाव टीम इमारत में घुसी, उस समय तेंदुआ इस इमारत में शांति से घूम रहा था. पूरी इमारत का चक्कर लगाने के बाद तेंदुआ पास के संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय की बाड़ फांदकर विश्वविद्यालय परिसर में झाड़ियों में भाग गया, इसकी जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों को दी गई. एसआरपीएफ कार्यालय से सटा हुआ जंगल है. हाल के दिनों में वडाली और पोहर के जंगलों में तेंदुओं की संख्या बढ़ी है. जंगल में शिकार कम होने पर ये जंगली जानवर शहरों की ओर भागते हैं. मानव बस्तियों के पास रहने वाले कुत्ते इनका शिकार बनते हैं. तेंदुए रात में इन कुत्तों का शिकार करते हैं. इससे पहले भी कई लोगों ने दिन में विश्वविद्यालय क्षेत्र में तेंदुए को देखा है. इसलिए विश्वविद्यालय क्षेत्र में संकेतक बोर्ड भी लगाए गए हैं. अब बीती रात एक तेंदुआ एसआरपीएफ कार्यालय में घूमा है. वडाली और पोहरा वन क्षेत्र में तेंदुओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है. वन क्षेत्र से सटे कुछ आवासों के पास शाम के समय तेंदुए भी देखे जाते हैं. तेंदुआ झाड़ियों और गड्ढे में छिप जाता है. राज्य रिजर्व पुलिस बल कॉलोनी में तेंदुए कई कुत्तों का शिकार कर चुके हैं. क्षेत्र में घूम रहा तेंदुआ अब कार्यालय भवन में घुस गया है.



# देशमुख की आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या थी !

## CID जांच की मांग

राष्ट्रबाण



**बुलढाणा.** जलगांव शहर के भाजपा कार्यकर्ता और ठेकेदार पंकज देशमुख की कथित आत्महत्या ने जलगांव विधानसभा क्षेत्र में संदेह और आरोपों का तूफान खड़ा कर दिया है. उनकी पत्नी सुनीता देशमुख ने हाल ही में आरोप लगाया था कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है, अब स्थानीय एनसीपी नेता प्रसेनजीत पाटिल ने भी यही मांग की है.

